
वर्ष : 18 अंक: 142 | ग्वालियर • सोमवार 23 जून 2025 • पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



दैनिक
# चम्बल सुर्खी
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# ऑपरेशन सिंधु- ईरान से 290 और नागरिक भारत पहुंचे

**अब तक 1,117 भारतीय स्वदेश लौटे; प्लेन से उतरते ही वंदे मातरम के नारे लगाए**

नई दिल्ली (ए.)।

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन शनिवार की रात 11ः30 बजे 290 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को जत्था राजधानी पहुंचा था। वहीं 20 जून को रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे थे। रात 10ः30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 लोगों की वापसी हुई थी। इनमें दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी लोग थे। देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के नारे लगाए थे। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। कुछ ने जमीन पर माथा टेका।





### प्रयागराज की अलमास बोलीं- हमें बहुत अच्छे होटल में रखा गया

ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से दिल्ली पहुंची प्रयागराज की रहने वालीं अलमास रिजवी ने कहा- हमें अच्छे होटल में रहने की जगह दी गई। समय पर लंच, डिनर, सब कुछ दिया गया। अपने देश में वापस आकर अच्छा लग रहा है। भारतीय दूतावास ने हमारी बहुत मदद की। भारत सरकार ने हमारी अच्छी देखभाल की। हमें यह एहसास भी नहीं होने दिया कि हम युद्ध जैसी स्थिति में रह रहे हैं।

### ईरान ने एयरस्पेस खोला, 1000 भारतीयों को निकाला

ईरान ने एयरस्पेस पर लगी पाबंदी को हटाकर भारत के करीब 1000 नागरिकों को निकालने की इजाजत दी थी। इनमें से ज्यादातर छात्र हैं, जिन्हें ईरान की राजधानी से तेहरान से माशहद लाया गया था। अब इन्हें तीन चार्टर फ्लाइट्स के जरिए भारत लाया गया। ये फ्लाइट्स ईरानी एयरलाइन माहान ने चलाईं। भारत सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंधु के तहत इनकी व्यवस्था की गई। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जवाद हुसैनी ने बताया कि जरूरत पड़ी तो आने वाले दिनों में और फ्लाइट्स चलाई जा सकती हैं।

## जयशंकर बोले-भारत के साथ चलने से पड़ोसी देशों को फायदा: नहीं तो नुकसान

**पाकिस्तान की बात अलग, वहां भारत विरोधी सेना देश चला रही**



नई दिल्ली(ए.)।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हर पड़ोसी को समझना चाहिए कि भारत के साथ मिलकर चलने से फायदा और दूरी बनाने से नुकसान है। हालांकि, पाकिस्तान एक अपवाद है, वहां की सेना की सोच भारत विरोधी है और वो ही वहां देश चलाती है। डीडी इंडिया को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों में हर बार सब कुछ आसान नहीं मिलेगा। हालांकि, भारत ने ऐसा माहौल बनाया है जिसमें सामूहिक हित को प्राथमिकता दी जाती है ताकि सरकारें बदलें, फिर भी रिश्ते मजबूत रहें।

### जयशंकर बोला- हम चीन सीमा पर अपनी रक्षा कर सकते हैं...

चीन के बारे में उन्होंने कहा कि गलवान झड़प के बाद भारत ने बॉर्डर पर खड़े रहने की नीति अपनाई है। पहले बड़ी गलती थी कि हम सीमा पर ढांचा ही नहीं बना रहे थे। लेकिन अब भारत स्र्ट पर अपने हितों की रक्षा कर सकता है। जयशंकर ने ऑपरेशन सिंधु और यूक्रेन संकट के दौरान ऑपरेशन गंगा का जिक्र करते हुए भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका पर भी जोर दिया।

# शाह बोले- बारिश में भी नक्सलियों को सोने नहीं देंगे: चर्चा की जरूरत नहीं, चलता रहेगा ऑपरेशन

**रायपुर में NFSU कैंपस का किया शिलान्यास**

रायपुर (ए.)।

नवा रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह NFSU के रायपुर कैंपस का शिलान्यास किया। नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी कैंपस के अलावा हाईटेक फोरेंसिक लैब का भी शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाह ने फिर नक्सलियों को कड़ी चेतावनी दी। शाह ने कहा कि, अब बारिश में भी नक्सलियों को चैन की नींद नहीं सोने देंगे। चर्चा की कोई जरूरत नहीं है, नक्सली अपने हथियार डाल दें। इसके अलावा शाह ने हस्र्स को लेकर कहा कि, यहां से ग्रेजुएट/ पोस्ट ग्रेजुएट होने का मतलब नौकरी की गारंटी पक्की।



### पड़ोसी राज्यों के DGP-ADGP रैंक के अधिकारियों से मीटिंग

शिलान्यास कार्यक्रम के बाद गृहमंत्री शाह नवा रायपुर स्थित होटल रिसॉर्ट में छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश के DGP और ADGP रैंक के अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंधित उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। इसके बाद 6.30 से 8.00 बजे तक नक्सल ऑपरेशन पर विशेष समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में नक्सल ऑपरेशनों की वर्तमान स्थिति, अंतरराज्यीय समन्वय, खुफिया तंत्र की मजबूती, और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर चर्चा हो सकती है।

### बस्तर पंडुम समारोह में शामिल होने छत्तीसगढ़ आए थे शाह

इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह तीन महीने पहले अप्रैल महीने में बस्तर के पंडुम समापन समारोह में शामिल होने छत्तीसगढ़ आए थे। समारोह में शामिल होने के बाद शाह ने रायपुर लौटकर एंटी नक्सल ऑपरेशन पर हाईलेवल मीटिंग ली थी। इस बैठक में एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़े पुलिस, CRPF और BSF जैसे सेंट्रल फोर्स के कमांडर शामिल हुए थे।

### शाह की डेडलाइन, 2026 तक करेंगे नक्सलवाद का खात्मा

31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म करने की बात अमित शाह ने रायपुर में बीते साल मीटिंग में कही थी। इस टारगेट को पूरा होने में करीब 1 साल से कम का समय बच हुआ है। साय सरकार बनने के बाद 350 से ज्यादा नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ। इसलिए नक्सलवाद के खात्मे के लिए शाह का यह दौरा अहम माना जा रहा है।

### भाजपा सरकार बनते ही 427 नक्सली मारे गए

छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद अब तक 400 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 7 जून को दिल्ली दौरे पर पहुंचे सीएम साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर प्रदेश में चल रहे नक्सल ऑपरेशन की जानकारी दी थी।

CM ने बताया कि, कैसे प्रदेश में सेंट्रल फोर्स और स्टेट पुलिस मिलकर नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इस दौरान नक्सल प्रभावित जिलों में सरकार की योजनाएं सरेंडर पॉलिसी को लेकर भी अमित शाह और मुख्यमंत्री के बीच बातचीत हुई।

## कैब में महिला पायलट का यौन शोषण: मुंबई में ड्राइवर समेत 3 पर FIR

### टैक्सी का रूट बदलकर 2 को बैठाया, एक ने बैडटच किया



**मुंबई (ए.)।** मुंबई पुलिस ने कैब ड्राइवर समेत तीन पर एक महिला पायलट के यौन शोषण के आरोप में मामला दर्ज किया है। घटना शुक्रवार (19 जून) रात करीब 11ः15 बजे की है, जब महिला पायलट साउथ मुंबई से अपने घर घाटकोपर जा रही थी। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। महिला ने बताया कि उसका पति नौसेना में अधिकारी है, लेकिन उन्हें अब तक सरकारी आवास नहीं मिला है। इस वजह से पति नौसेना के आवासीय परिसर में रहता है, जबकि वह घाटकोपर में रहती है। पुलिस ने क्ष्र्ह्स की धारा 75(1), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

## पहलगाम हमला- आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार



### NIA ने पहलगाम से अरेस्ट किया; आरोपियों ने बताया- आतंकी पाकिस्तानी नागरिक, लश्कर से जुड़े

श्रीनगर (ए.)।

पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। NIA की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) से जुड़े हुए थे। NIA के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था।

### कश्मीर में वंदे भारत जुलाई तक फुल: 25 जुलाई तक लंबी वेटिंग लिस्ट



**श्रीनगर (ए.)।।** कटरा से श्रीनगर के बीच शुरू वंदे भारत को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। सात जून को शुरू दो जोड़ी ट्रेनें 25 जुलाई तक लगभग फुल हैं। अब हर दिन बुकिंग की मांग और बढ़ रही है। IRCTC के रिजर्वेशन पोर्टल पर 25 जुलाई से पहले इनमें लंबी वेटिंग या नो रूम है। इसके बाद सीटें खाली हैं, हालांकि तेजी से रिजर्वेशन हो रहे हैं। दरअसल, इन ट्रेनों ने घाटी में आवागमन का नया विकल्प दिया है, जिससे पर्यटकों और व्यापारियों को राहत मिली है। विमान से किराया कम होने से बड़ी संख्या में पर्यटक ट्रेन से जाना पसंद कर रहे हैं।

इससे हवाई उड़ानों की संख्या भी आधी रह गई है। पहलगाम हमले से एक दिन पहले (21 अप्रैल) श्रीनगर से 104 उड़ानें (52 आगमन, 52 प्रस्थान) थीं। इनसे 19,641 यात्रियों ने सफर किया था। पर 22 अप्रैल और उसके बाद ट्रेन सेवा शुरू होने से उड़ानें घटी हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 16 करोड़ की कीमत का सोना और हाइड्रोपोनिक वीड बरामद, 4 गिरफ्तार

**मुंबई** कस्टम डिपार्टमेंट ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ?16 करोड़ की कीमत का हाइड्रोपोनिक वीड और गोल्ड डस्ट (चूरा) जब्त किया। 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, इनमें दो लोग एयरपोर्ट के कर्मचारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट कर्मचारियों के तस्करी में शामिल होने गुप्त सूचना मिली थी। दोनों की जांच की गई। इस दौरान उनकी जेब और मोजे में छिपाई मोमबत्ती मिली। जिसके अंदर 24 कैरेट सोने का चूरा छिपाया गया था।



### गुरुग्राम के स्कूल की लेडी टीचर गिरफ्तार: रेवाड़ी के नाबालिग स्टूडेंट से संबंध बनाए

**रेवाड़ी** । हरियाणा के गुरुग्राम में एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल की लेडी टीचर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लेडी टीचर पर आरोप है कि उसने अपनी ही क्लास के नाबालिग छात्र का यौन शोषण किया। वह एग्जाम में अच्छे नंबर दिलाने का लालच देकर छात्र को अपने घर पर बुलाती और फिर जबरन शारीरिक संबंध बनाती थी। घर ही नहीं कई बार तो टीचर ने छात्र को होटलों में भी बुलाया। इस दौरान छात्र ने कई वीडियो भी बनाए थे, जिनके आधार पर ही पुलिस ने केस दर्ज किया।



## गुजरात में पंचायत चुनाव के लिए वोटिंग हुई: 81 लाख मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया

**मतगणना 25 जून को होगी**

अहमदाबाद (ए.)।



गुजरात में पंचायत चुनाव के लिए आज वोटिंग हुई। शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। काउंटिंग 25 जून को होगी। राज्य में 8,326 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से 751 ग्राम पंचायतों में निर्विरोध चुनाव हो गए हैं। चुनाव में कुल 3656 सरपंच, 16224 पंचायत सदस्य चुनने के लिए 81 लाख मतदाता मताधिकार का प्रयोग किया। जामनगर में 11 बजे तक 24% मतदान जामनगर जिले में 187 ग्राम पंचायतों के चुनाव में शाम बजे तक औसतन 64% मतदान हुआ। बड़ी संख्या में मतदाता, जिनमें बुजुर्ग, युवा और महिलाएं शामिल हैं, वोट डालने के लिए लंबी कतारों में खड़े देखे गए।

# DGCA की एअर इंडिया को चेतावनी- लाइसेंस कैंसिल कर देंगे

**कहा- ऑपरेशन नियमों की लगातार अनदेखी हो रही; कल एयरलाइन के 3 अफसर हटाए थे**

नई दिल्ली (ए.)।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने एअर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है। इससे पहले शनिवार को DGCA के आदेश पर एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाया था। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। DGCA ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच, एअर इंडिया की फ्लाइट्स ईरान, इराक और इजराइल के हवाई क्षेत्रों से होकर नहीं जाएगी।



# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्युत विभाग परिसर श्योपुर में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनपीटीआई (नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) शिवपुरी द्वारा संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड श्योपुर वृत के 40 कर्मचारी एवं अधिकारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री आर के सक्सेना जीएम द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। श्री सक्सेना द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में घरेलू कनेक्शन उपभोक्ताओं को शासन द्वारा 1 किलोवाट पर रुपए 30,000, 2 किलोवाट पर रुपए 60,000 तथा 3 किलोवाट एवं इससे अधिक लोड के लिए रुपए 78,000 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारी योजना से सम्बन्धित जानकारी एवं नियमों को जानें और अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना से लाभान्वित करें। प्रशिक्षण एनपीटीआई शिवपुरी के डॉक्टर पवन शर्मा असिस्टेंट डायरेक्टर, विद्युत विभाग से सेवानिवृत अधिकारी श्री रनवीर सिंह (पूर्व अति. मुख्य अभियंता), श्री आरके सिंह राठौर (पूर्व अधीक्षण अभियंता) और श्री बीएल सिंह उमराव (पूर्व कार्यपालन यंत्री) द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डीजीएम श्री एलके पनिका, श्री संजय गुप्ता, श्री दिनेश श्रीवास्तव, श्री प्रतीक टुंडेलकर सहित जेई आदि उपस्थित थे। समापन के दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई

**श्योपुर ब्यूरो।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय जैदा श्योपुर के प्राचार्य श्री केके कटियार ने बताया कि एनवीएस पोर्टल की एडमिशन लिंक https://navodaya.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते है। आवेदन ऑनलाइन ही भरे जाने है, ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगे। प्राचार्य श्री कटियार ने बताया कि इस परीक्षा में जो छात्र-छात्रा श्योपुर जिले के निवासी है तथा कक्षा 5वी में इसी जिले में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5 में अध्ययन कर रहे है तथा उनकी जन्मतिथि 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच है वे इस परीक्षा में आवेदन कर सकते है। एडमिशन लिंक पर फार्म भरने के दौरान आवेदक के फोटो, हस्ताक्षर एवं पालक के हस्ताक्षर तथा प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर एवं सील के साथ जेपीजी फारमेट में अपलोड करना अनिवार्य होगा। उक्त समस्त प्रक्रिया निशुल्क रहेगी। इसकी कोई भी शासकीय फीस निर्धारित नही है, यदि आवेदक को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो हेल्पडेस्क पर मोबाइल नंबर 7906151196 एवं 7999123449 जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर में संपर्क कर सकते है। आवेदन भरने की प्रक्रिया डेस्कटॉप, लैपटॉप, टेबलेट, मोबाइल अथवा ऑनलाइन कम्प्युटर सेंटर से की जा सकती है।

# 2.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिले में 22 जून को 2.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 22 जून को श्योपुर में 3.0, कराहल में 5.0, वीरपुर में 3.0 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 116.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 17.2मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

# धरती आभा अभियान के तहत आज 23 को इन ग्रामों में लगेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से धरती आभा अभियान अंतर्गत जिले के तीनों विकासखंड में 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज 23 जून को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम बेहरावदा, बड़ौदाराम तिल्लीपुर, मठेपुरा, अलापुरा, मकड़ावदा कलां, कुडायथा एवं छोटाखेड़ा में शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के ग्राम झरेर, कटीला, जाखदा एवं गोरस में भी शिविर आयोजित किये जायेगे। धरती आबा अभियान के तहत आज 23 जून को विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम किशनपुर, पांचों, खुरजान, गोहटा, लाडपुरा, रिझेटा एवं सिरोनी में शिविर का आयोजन होगा। शिविर के दौरान आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुद्रा ऋण सहित अन्य रोजगारमूलक योजनाओं में लाभ, पीएम मातृत्व योजना, आवास योजना आदि का लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा सहयोगी दल नियुक्त किये गये है।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन हेतु पोर्टल फिर से शुरू

**श्योपुर ब्यूरो।** प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीयन हेतु पोर्टल फिर से शुरू किया गया है, पोर्टल के माध्यम से एडमिशन के लिए नवीन पंजीयन कराये जा सकते है। पूर्व में 16 जून एडमिशन की अंतिम तिथि थी, इसके बाद शासन द्वारा 17 जून से पोर्टल को पुनः एडमिशन के लिए खोला गया है। इच्छुक विद्यार्थी पोर्टल पर प्रवेश के लिए अपना पंजीयन करा सकते है। प्राचार्य आईटीआई श्योपुर श्री आशीष जैन ने बताया कि श्योपुर जिले के तीनो आईटीआई संस्थानों में प्रवेश हेतु पुनः प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होने बताया कि आईआईटी में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने कम्प्यूटर या एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते है। आईटीआई श्योपुर में 05 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर (हिंदी) शामिल हैं। आईटीआई कराहल में 03 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन वेल्डर, सोलर टेक्नीशियन शामिल हैं। इसी प्रकार आईटीआई विजयपुर में मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, कोपा और हिन्दी स्टेनोग्राफर ट्रेड संचालित है।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण आज तक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

# विंध्य की बेटी ने जयपुर में फिर जीता गोल्ड




**सतना।** सतना जिले के रामपुर बघेलान वार्ड क्र- 2 निवासी एएसआई बिनोद त्रिपाठी की बेटी गीतांजलि त्रिपाठी ने 14 से 19 जून 2025 तक जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में आयोजित 34 वें नेशनल गेम्स बुशु स्पर्धा में एक बार फिर गोल्ड मेडल जीतकर विन्ध्य का नाम रोशन किया है। गीतांजलि त्रिपाठी दिल्ली में सशस्त्र सीमा बल में नौकरी कर रही है। इसके पहले भी ये जार्जिया सहित अन्य देशों में गोल्ड मेडल जीत चुकी है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा में कक्षा 6वीं के लिये आवेदन 29 जुलाई तक

**सतना।** नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय रहिकवारा में सतना एवं मैहर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा सत्र 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं, आवेदन की अंतिम तारीख 29 जुलाई 2025 है। इच्छुक अभ्यर्थी आनलाइन सेंटर में जाकर/मोबाइल से लिंक http://navodaya.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि अभ्यर्थी को सत्र 2025-26 में सतना एवं मैहर जिले के किसी शासकीय/मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए एवं जिले का निवासी होना चाहिए। छात्र ने लगातार कक्षा 3 एवं कक्षा 4 की निरंतर पढाई किसी शासकीय मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 अध्ययरत हो। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 हेतु 31 दिसम्बर 2025 को सतना एवं मैहर जिले के समस्त विकासखण्डों में आयोजित की जायेगी।

# विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज अमरपाटन में

**सतना।** शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 26 जून 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 23 जून को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 24 जून को जनपद पंचायत मैहर, 25 जून को जनपद पंचायत रामनगर एवं 26 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 19 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए राहुल साहू मोबाइल नम्बर 9131557489 पर सम्पर्क कर सकते है।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा बूथ लेवल आफीसरों के लिए कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण 21 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी शाहपुरा झील, अरेरा कॉलोनी भोपाल में आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सतना एवं मैहर जिले की सभी विधानसभा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के साथ 23 जून को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य छूटे हुए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को राज्य स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। विधानसभा क्षेत्र में होने वाले प्रशिक्षण का सम्पूर्ण दायित्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का होगा। इस प्रशिक्षण के फोटोग्राफ्स एवं वीडियोग्राफी की क्लिप कार्यालय को 24 जून तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# जिले में अब तक 82.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 22 जून तक 82.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 135 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 53.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 48.7 मि.मी, बिरसिंहपुर में 66.7 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 31 मि.मी., नागौद में 183.8 मि.मी., जसो (नागौद) में 30.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 108.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 21.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# रीवा का भारतीय सेवा में अप्रतिम योगदान है - लेफ्टिनेंट जनरल

## पूर्व सैनिक देश के विकास में भागीदारी निभाएं- डॉक्टर सोनवडे



**रीवा।** श्री कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत ने कहा कि पूर्व सैनिक कभी रिटायर नहीं होता है। पूर्व सैनिक अपने अनुभव और अनुशासन का लाभ सिविल डिफेंस में दें। पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने तथा उनकी समस्याओं को हल करने के लिए भारतीय सेना उनके घर तक जा रही है। साथिया कार्यक्रम, नेशनल वीरांगना सेवा केंद्र, नमन योजना और कॉल सेंटर के माध्यम से पूर्व सैनिकों की हर कठिनाइयां दूर की जा रही हैं। रीवा का भारतीय सेवा में अप्रतिम योगदान है । रीवा में 7500 से अधिक पूर्व सैनिक है। रीवा का सैनिक स्कूल शानदार है। इस स्कूल ने हमें वर्तमान सेना अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष दिए हैं। उनके साथ-साथ सैकड़ो योग्य सैन्य अधिकारी भी रीवा सैनिक स्कूल से सेना को मिले हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि अग्नि वीर योजना युवाओं के लिए बहुत लाभकारी है। अग्नि वीर बनने के बाद जो सैनिक सेवा से बाहर निकलेंगे उन्हें केंद्र सरकार के संस्थानों राज्य सरकार के विभागों और बड़ी-बड़ी निजी कंपनियों में रोजगार के सुनहरे अवसर मिलेंगे। पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रशासन के सहयोग से तहसील और ग्राम स्तर पर शिविर लगाएंगे। रीवा में एक साल के भीतर बड़ी जमीन लेकर सेना की विकसित कैंटीन बनाई जाएगी जहां पूर्व सैनिकों को हर आवश्यक वस्तु मिल सकेगी। समारोह में प्रभारी कलेक्टर डॉक्टर सौरभ सोनवणे ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियां हम सबके लिए सम्मान और श्रद्धा का केंद्र है। पूर्व सैनिक जिस तरह सेना में शानदार योगदान दे रहे थे वैसे ही जिले के विकास कार्यों में भी अपना योगदान दें। रीवा का सैनिक स्कूल विंध्य के लिए बहुत गौरव की बात है। इस सैनिक स्कूल के दो पूर्व छात्र आज देश की थल सेना और नौसेना की कमान संभाल रहे हैं। पूर्व सैनिकों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। समारोह में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व सैनिक और वीर नारियों का त्याग और बलिदान हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है ।पूर्व सैनिक सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण देने में सहयोग करें। समारोह में पूर्व विधायक तथा पूर्व सैनिक श्री लक्ष्मण तिवारी ने सेना द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए किये जा रहे हैं प्रयासों की प्रशंसा की। श्री तिवारी ने सैनिक स्कूल परिसर की जमीन पर खेती करने तथा पूर्व सैनिकों के लिए क्लब गठन का भी सुझाव दिया। समारोह में सेना भरती कार्यालय जबलपुर के कर्नल गगन नारंग ने अग्नि वीर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से युवाओं को निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग, उच्च शिक्षा के अवसर ,चार साल में लगभग 12 लाख रुपए का आर्थिक लाभ और अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर मिलता है। ऑपरेशन सिंदूर में भी 3000 अग्निवीर सैनिक भारतीय सेना के साथ तैनात रहे। समारोह में सैनिक कल्याण और पुनर्वास के लिए संपर्को की जानकारी देने वाली पुस्तिका का विमोचन किया गया। समारोह में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले शहीदों की माता तथा वीर नारियों को श्रीफल शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एनसीसी कैडेट ने स्वागत गीत और वीर जवानों ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये । समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई गई। समारोह में पूर्व सैनिकों के कल्याण की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। समारोह में दो पूर्व दिव्यांग सैनिकों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। समारोह में सैनिक कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री चौधरी ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव कर्नल सुरेंद्र कुमार, ब्रिगेडियर भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अधिकारी भूतपूर्व सैनिक और शहीदों के परिजन उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का किया शुभारंभ

## ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का मिलेगा लाभ - उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन में ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का लाभ मिलेगा। यह सम्मेलन इस क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि साबित होगा। श्री शुक्ल ने वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का शुभारंभ किया। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रीवा प्रकोष्ठ के सभागार में आयोजित सम्मेलन में श्री शुक्ल ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में ज्योतिष का विशेष महत्व रहा है। ज्योतिष के माध्यम से सटीक गणना का आकलन करने की विधि सर्वमान्य रही है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिष यात्रा में जो ज्ञान और अनुभव मिलेगें उससे समाज और जनसामान्य का कल्याण होगा। कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने रीवा में आयोजित हो रहे ज्योतिष महामंथन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य तथा विद्वान उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भैरवबाबा मंदिर के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



रीवा उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गतदिवस गुढ़ स्थित भैरवबाबा मंदिर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर सहित परिसर के सभी निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर हैं शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें ताकि भव्य मंदिर का लोकार्पण कराया जा सके। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे उपस्थित रहे।

# मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** बीएलओ के क्षमता विकास हेतु शेष रह गए राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 जून को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए तहसीलदारों, प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, प्राचार्य एवं व्याख्याताओं को नामांकित करते हुए नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आमजनों की सुनी समस्यायें



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा स्थित अमहिया निवास में स्थानीय जनों से भेंट की तथा उनकी समस्यायें सुनी। उप मुख्यमंत्री ने आवेदकों से प्राप्त समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अटल पार्क का किया निरीक्षण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रातकाल अपने भ्रमण के दौरान अटल पार्क का निरीक्षण किया तथा आयुक्त नगर निगम को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे सहित स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# थाना चीनौर पुलिस ने वाहन चेकिंग में मोटर सायकिल सवार तस्कर को पकड़कर उसके पास से 08.92 ग्राम स्मैक की जप्त

## स्मैक तस्कर से 8.92 ग्राम स्मैक कीमती लगभग 27000/- रूपये एवं एक बिना नम्बर की बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल कीमती लगभग 15000/- रूपये की जप्त की गई।



**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में अति0 पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री निरंजन शर्मा के द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में रैंडम वाहन चेकिंग कर संदिग्ध वाहनों को चेक कर मादक पदार्थ तस्करों को खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी भिरतवार श्री जितेन्द्र नगाइच के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चीनौर उनि0 शैलेन्द्र सिंह गुर्जर के द्वारा दिनांक 21.06.2025 को थाना बल की टीम को वनवार चीनौर गढीसालमपुर तिराहा पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने हेतु लगाया गया। दौराने चेकिंग पुलिस टीम को बिना नम्बर की एक प्लेटिना मोटर साइकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्ति आता दिखा, जिसने पुलिस चेकिंग को देखकर मोटर साइकिल वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस जवानों द्वारा उन्हे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर स्वयं को ग्राम अमरोल थाना चीनौर जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकडे गये संदिग्ध की तलाशी लेने पर व्यक्ति की लोवर की जेब में एक सफेद रंग की पॉलीथिन रखी हुई मिली जिसे खोलकर चेक किया तो उसमें अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखी हुई मिली जिसकी तौल कराने पर उसका वजन 08.92 ग्राम कीमती लगभग 27000/- रूपये की होना पाई गई। पकड़े गये व्यक्ति का यह कृत्य एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उनके पास से मिली 8.92 ग्राम स्मैक व मोटर साइकिल को विधिवत जप्त कर थाना चीनौर में अप0क्र0 90/25 धारा 21/8 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर किया गया। पकडे गये स्मैक तस्कर के खिलाफसे स्मैक के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**बरामद मालः-** स्मैक 8.92 ग्राम कीमती लगभग 27000/- रूपये एवं एक बिना नम्बर की बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल कीमती लगभग 15000/- रूपये कुल जप्त मषरूका कीमती 42000/- रूपये का जप्त किया गया।

**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी चीनौर उनि0 शैलेन्द्र सिंह गुर्जर, प्र.आर0 अजय भदौरिया, आर0 विनय विजावर, आर0 विष्णु कुमार जादौन, आर0 राजेश प्रजापति, आर0 वागीश यादव, आर. जयवीर जाट, आर.चालक सुनील की सराहनीय भूमिका रही।

# कांग्रेस का उपवास कार्यक्रम 25 को, तैयारियॉ जोरों पर



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का उपचास कार्यक्रम ग्वालियर में 25 जून को होने जा रहा है। जिसकी तैयारियो को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियो ने कार्यक्रम की सफ्लता के लिए विशेष बैठक बुलाकर विशेष चर्चा की। इस बैठक में कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष श्री मुकेश नायक के साथ म.प्र.शासन के पूर्व केविनेट मंत्री श्री भगवान सिह यादव,राज्यसभा सांसद श्री अशोक सिंह, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री देवेन्द्र शर्मा, जिला कांग्रेस के प्रभारी अध्यक्ष श्री महाराज सिह पटेल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।

# 300 एमएम डाया की 50 वर्ष पुरानी वाटर लाइन लीकेज होने के कारण धसका सड़क का भाग, ठेकेदार द्वारा किया गया मरम्मत का कार्य




**ग्वालियर।** चेतकपुरी के पास सड़क धसकने का मुख्य कारण उसके नीचे लगभग 50 वर्ष पुरानी 300 एमएम डाया की वाटर लाइन लीकेज होना रहा है। उक्त जानकारी सड़क धसकने के कारण की जांच करने वाली समिति के सदस्यों द्वारा दी गई। उल्लेखनीय है कि चेतकपुरी के पास सड़क धसकने के कारण की जांच के लिए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जांच कमेटी बनाकर तत्काल जांच करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में जांच कमेटी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि फूलबाग चौपाटी से बसंत विहार, रंगमहल गार्डन, इनर व्हील तिराहा होते हुये कुलदीप नर्सरी तक सड़क निर्माण का कार्य गतिशील है। उक्त सड़क के नीचे वर्तमान में स्टॉर्म वाटर पाइप ड्रेनेज का निर्माण कार्य कराया गया है। जिसकी गहराई लगभग 5 से 7 मीटर तक है। सड़क धसकने से ठेकेदार द्वारा सड़क का संधारण कार्य प्रारंभ करवाने पर यह पाया गया कि सड़क के नीचे 300 एमएम डाया की लगभग 50 वर्ष पुरानी वाटर लाइन लीकेज होने के कारण सड़क का कुछ भाग धसक गया। उक्त स्थल पर जल प्रदाय विभाग द्वारा 300 एमएम डाया वाटर लाइन का मैकेनिकल जॉइंट लगाकर लीकेज बंद करा दिया है। वर्तमान में गड्डे को जी.एस.बी. से भराव कराकर सही करा दिया गया सड़क निर्माण कार्य 5 वर्ष की गारंटी में है, जिसका ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय पर संधारण कार्य कराया जाना होता है, सड़क के इस भाग के डामरीकरण कार्य की माप एवं भुगतान नहीं हुआ है। अतः ठेकेदार द्वारा गारंटी अवधि में मैंटेनेन्स करने से नगर निगम को किसी भी तरह की वित्तीय हानि नही है, उक्त सडक पर यातायात सुचारू रूप से चालू है।

# सड़कों पर खड़े कंडम वाहन जब्त कर हटाने के लिये विशेष मुहिम शुरू

## कलेक्टर श्रीमती चौहान के निर्देश पर गई टीम ने 5 कंडम वाहन हटवाए, 4 वाहन 23 जून तक हटाने के दिए निर्देश



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर के भीतर सड़कों पर आवागमन में बाधा बन रहे कंडम हालत में रखे वाहनों को हटाने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर विशेष मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम के तहत राजस्व व परिवहन विभाग की टीम द्वारा रविवार को शहर के विभिन्न बाजारों व सड़कों पर रखे मिले पाँच कंडम वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही चार वाहन सोमवार 23 जून तक हटाने के निर्देश वाहन मालिकों को दिए गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विक्रमजीत सिंह कंग ने बताया कि रविवार को चलाई गई मुहिम के दौरान फूलबाग मरी माता मंदिर के पास, शिंदे की छावनी, ओल्ड हाइकोर्ट एवं जिंसी नाला क्षेत्र में खड़ी कार, जीप एवं बस को हटाया गया । कार्रवाई के लिये गई टीम में तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे एवं परिवहन व यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर खड़े कंडम वाहनों से सड़क आवागमन प्रभावित होता है। इसलिए ऐसे वाहन मालिकों को तीन दिन का नोटिस देकर वाहन हटाने की कार्रवाई की जाए। इस कार्य में कोई ढ़िलाई न हो। उन्होंने कहा है कि जो वाहन मालिक कंडम वाहन नहीं हटाएं, उन वाहनों के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

# शिक्षा अज्ञान के अंधकार को दूर करता हैः विधायक डॉ. सिकरवार

## जन उत्थान न्यास ने 551 मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान, 22 टॉपर छात्र-छात्राओं को भेंट की सायकिल



**ग्वालियर।** शिक्षा एक ऐसा प्रकाश है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर करता है और हमें एक बेहतर इंसान बनने में सहायता करता है। छात्र जीवन में शिक्षा का महत्व सबसे अधिक होता है, क्योंकि यह वही समय होता है जब व्यक्तित्व और सोच का निर्माण होता है। सही मार्गदर्शन और प्रेरणादायक विचार एक छात्र को सुनहरे भविष्य की ओर ले जाती है। यह विचार आज जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मान समारोह कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। आज शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास के तत्वाधन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 551 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह चेतकपुरी चौराहा के पास स्थित तोरण वाटिका में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्जलित कर की गई। कार्यक्रम में विशेष बात यह रही कि 22 टॉपर छात्र-छात्राओं को न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने सायकिल भेंट की तथा प्रतिभा सम्मान स्मृति चिन्ह, पुष्पमाला पहनाकर एवं पेन सेट भेंटकर सभी का सम्मान किया। साथ ही ग्वालियर की टॉपर छात्रा सौम्या अग्रवाल को 5100 रूपये नगद पुरस्कार न्यास की ओर से सम्मान स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन न्यास के सह सचिव एवं एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव एवं कोषाध्यक्ष अवध सिंह धाकरे एवं न्यासी आदित्य सिंह सिकरवार 'गौंची' ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं उनके परिवारजनों के लिये सहभोज का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण काल माना जाता है। हमारे भविष्य के सपने, इच्छाएँ और आशाएँ इस पर निर्भर हैं कि यदि हम विद्यार्थी जीवन में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उसका सही उपयोग करें तो भविष्य में सफल होंगे। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि आज अगर आप गंभीर नहीं हैं, तो हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सिर्फ किताबों में लिखे शब्दों को याद करना नहीं है, बल्कि जीवन को समझने और बेहतर बनाने का तरीका सिखाती है। शिक्षा से हमें सही और गलत में फर्क करना आता है। यह हमारी सोच को विस्तृत करती है और हमें आत्मनिर्भर बनाती है। चाहे स्कूल की शिक्षा हो या जीवन के अनुभवों से मिली सीख, दोनों हमारे व्यक्तित्व को निखारते हैं। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि आज की दुनिया में शिक्षा के बिना जीवन अधूरा माना जाता है। शिक्षा न केवल नौकरी पाने में मदद करती है, बल्कि एक अच्छा इंसान बनने की दिशा में भी मार्गदर्शन करती है। शिक्षा ही अनुशासन व सही संस्कृति की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है। एक शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने जीवन को सुधार सकता है, बल्कि समाज और देश के विकास में भी योगदान देता है। शिक्षा का मतलब सिर्फ स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई नहीं है, बल्कि हर वह चीज जो हमें सिखाती है और बेहतर बनाती है, वह शिक्षा का हिस्सा है। आज के समय में हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। शिक्षा से ही गरीबी, बेरोजगारी और अज्ञानता जैसी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

**इन टॉपर छात्र-छात्राओं को मिली सायकिलः-**

1. कृष्णा सिंह मल्हौत्रा
2. मयंक दोहरे
3. विशाल
4. कुश प्रजापति
5. श्रेष्ठ प्रताप सिंह चैहान
6. मयंक कुमार गोयल
7. निशांत राजौरिया
8. राज प्रजापति
9. निशांत माहौर
10. अनंत जाटव
11. सरगम शर्मा
12. लता रावत
13. मान्या साहू
14. योगिता कुमार
15. गुडिया
16. प्राची शर्मा
17. ऋषिका कुशवाह
18. कोमल श्रीवास्तव
19. स्नेहा साहू
20. प्राची बाथम
21. निधि पाल
22. सुष्मिता

# समग्र आईडी की ई-केवायसी अवश्य करायें

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश शासन की समस्त जन कल्याणकारी पेंशनधारी का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ईकेवाईसी करना अनिवार्य होगा। नगर निगम सीमांतर्गत सभी नागरिक अपनी समग्र आईडी को आधार से ई-केवायसी अवश्य करायें। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जन कल्याणकारी योजनाओं में आधार आधारित भुगतान के लिए शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसमें विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति जिन्हें 600 रूपये प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्ध, कल्याणी, निशक्त, परित्यक्ता को प्रतिमाह प्राप्त होती है एवं अनेक शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए यदि आपके द्वारा ई केवायसी नहीं किया गया है। तो शीघ्र ही नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन एवं नगर निगम ग्वालियर के कार्यालय में पहुंचकर करा सकते हैं। जिससे कि प्रतिमाह प्राप्त पेंशन का नियमित रूप से भुगतान जारी रहे। समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आई.डी. को आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करायें।

# निगम परिषद की बैठक आज

**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद के साधारण सम्मेलन का आयोजन सोमवार 23 जून 2025 को दोपहर 3 बजे सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शहर विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा का पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**ग्वालियर।** हमारे प्रेरणा पुरुष,प्रेरक व्यक्तित्व भारतीय जन संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा कल 23 जून को सुबह 9 बजे फूल बाग स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने दी। श्री जयप्रकाश राजौरिया ने इस अवसर पर सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं से उपस्थित रहने की अपील की है।

# उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ने किया मुरार से बेहट के लिए मंगल विहार, 23 को होगा मंगल प्रवेश ओर 25 मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम होगा।

## पुण्य से ही व्यक्ति धनवान और ऐश्वर्यवान बनता है- उपाध्याय विहसंत सागर, उपाध्यायश्री विहसंत सागर करेंगे 25 जून को बेहट स्थित 583 वर्ष प्राचीन चन्द्रप्रभु जैन मन्दिर का शिलान्यास, मुरार जैन मंदिर में उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज के हुए मंगल प्रवचन।



**ग्वालियर।** सांसारिक प्राणी को सदैव धार्मिक अनुष्ठान करते रहना चाहिए। धार्मिक क्रियाओं से पुण्य की उत्पत्ति होती है और पुण्य से पापों का क्षय होता है । अपने इष्ट का ध्यान, जप, पूजन करने से सुखों की प्राप्ति के साथ मन की शांति प्राप्त होती है । जहां धर्म होता है, जो लोग धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हैं, वहां धर्म उनकी रक्षा करता है । पुण्य से ही व्यक्ति धनवान और ऐश्वर्यवान बनता है । धर्मात्मा व्यक्ति अपने भावों को शुद्ध रखता हुआ अपने चित्त को शुभता की ओर लगता है । उसके हृदय में सदैव शुभ भाव उत्पन्न होते है । इसलिए हमें सदैव पुण्य का अर्जन करना चाहिए। यह बात उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ने आज रविवार को मुरार स्थित दिगंबर पंचायती जैन बड़ा मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विश्व साम्य सागर महाराज भी मौजूद थे। उपाध्याय श्री ने कहा किजब कर्म का तीव्र उदय होता है तो कोई निमित्त काम नहीं करता जब कर्म बदल जाता है तो सब कुछ ठीक हो जाता है। हम लोगों ने पुराणों में ढेर सारी कहानियां पड़ी है ÷राजा था रंक बन गया राजपाट खोना पड़ा वापिस पुण्य का योग आया और राजपाट मिल गया। उपाध्याय श्री ने कहा कि सबके जीवन में जो उतार चढ़ाव है, इसका नियंता मेरा अपना कर्म है इसलिये कभी परिस्थितियों को दोष मत दो उसको विधी का विधान मानकर चलोगे तो आपको प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रवचन से पहले पंडित संदीप शास्त्री ने उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ससंघ के चरणों में पंचायती जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र जैन, देवेंद्र जैन, दिलीप जैन, इंद्रेश जैन, जीएल जैन, सुभाष जैन, विपुल जैन, विजय जैन सचिन जैन मुरार, महेश चंद्र जैन,पदम् जैन ने सामूहिक रूप से श्रीफल भेट किया। संचालन पंडित संदीप शास्त्री ने किया। उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ने किया बेहट के लिए मंगल विहार, 23 को मंगल प्रवेश ओर 25 को मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम होगा। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि परम पूज्य मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज एवं मुनिश्री विश्व साम्य सागर महाराज के सानिध्य में बेहट में स्थित 583 वर्ष प्राचीन श्री 1008 चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर का जीर्णोद्धार के लिए 25 जून बुधवार को प्रातः 08 बजे मंदिर का भव्य शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। आज रविवार को उपाध्याय श्री ने मुरार से पद विहार किया। उपाध्याय श्री ससंघ का बेहट ग्रामीण में 23 जून को शाम को 05 बजे भव्य मंगल प्रवेश गाजेबाजे के साथ होगा। 25 जून को शिलान्यास कार्यक्रम में ग्वालियर, भिंड, डबरा, मेहगांव, आदि जगहों से गुरु भक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचेंगे।

# सीआरपीएफ के प्रशिक्षण महाविद्यालय में नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह 23 को

**ग्वालियर।** सीआरपीएफ (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल) के एबी रोड पनिहार स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय में 23 जून को प्रातः 6.30 बजे नव आरक्षकों का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित होगा। दीक्षांत परेड में 300 नव आरक्षक शामिल होंगे। साथ ही नव आरक्षकों के परिवार व गणमान्य नागरिक इस गरिमामय समारोह के साक्षी बनेंगे।

# बीडी, चूना आदि श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन हेतु योजना प्रारंभ

**दतिया।** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बीडी श्रमिक कल्याण निधि औषधालय दतिया डॉ. हिमांशु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में कक्षा 1 से लेकर उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत बीडी, चूना, पत्थर एवं डोलोमाईट व लौह-मैगनीज क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत छात्रवृत्ति योजना के आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल http;//scholarships.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि प्री मेट्रिक हेतु 31 अगस्त 2025 एवं पोस्ट मैट्रिक हेतु 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। साथ ही मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित अपने नजदीकी औषधालयों एवं केन्द्रीय चिकित्सालय सागर में व्यक्तिगत रूप से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# 22 जून तक जिले में कुल 45.90 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दतिया।** अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2025 से आज 22 जून 2025 तक जिले में कुल 45.90 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें दतिया में 133.6 मि.मी., सेवढ़ा में 11 मि.मी., भाण्डेर में 35 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में कुल 4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल 28.75 मि.मी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें दतिया में 41 मि.मी., सेवढ़ा में 14 मि.मी., भाण्डेर में 55 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। आज दिनांक 22 जून 2025 को जिले में कुल वर्षा 21 औसत वर्षा दर्ज की गई है। दतिया में 55 मिमी, भाण्डेर में 29 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में कुल 4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। सेवढा में निल वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष आज दिनांक को स्थिति निल रही। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 है।

# रोजगार/स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**दतिया।** जिला रोजगार अधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दतिया जिले में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे जिला रोजगार कार्यालय, जिला उद्योग व्यापार केन्द्र दतिया तथा आईटीआई दतिया द्वारा आज 23 जून 2025 को प्रातः 10.30 बजे से स्थानीय शासकीय आईटीआई वक्सी के हुनमान मंदिर रोड दतिया में रोजगार/स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की कंपनियां भाग लेंगी। इच्छुक आवेदक अपने साथ शैक्षिण योग्यता, आधार समग्र आईडी, रोजगार पंजीयन कार्ड, पेन कार्ड, नवीन फोटो अन्य प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। भरती प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान

## नवांकुर संस्था द्वारा देवखो प्राचीन स्थल पर की बावड़ी की साफ-सफाई



**ग्वालियर।** तिघरा के समीप वनांचल क्षेत्र में स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल देवखो पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्था सफल युवा मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बावड़ी के दूसरे तट पर युवाओं ने साफ-सफाई की। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि समाज में जल स्त्रोतों की महत्ता, संरक्षण की आवश्यकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना रहा।

ग्वालियर में-

दैनिक चम्बल सुर्खी समाचार पत्र प्राप्त करने समाचारों व विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।



राधा राजावत

ब्यूरोचीफ

पता : नारायण बिहार कॉलौनी, गोले का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.)

मो. 78955-81248

# संपादकीय

## नक्सलियों का हिंसक होना

सरकार के आक्रामक रुख के बावजूद नक्सलियों का हिंसक होना वाकई दुखद है। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग विस्फोट में एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहीद हो गए। इस घटना में दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। जबकि नक्सलवाद पर नकेल बीते वर्ष की उपलब्धि कही जा सकती है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर गृह मंत्री अमित शाह को जाता है, पर इसमें राज्यों की भूमिका भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं रही है। बीते वर्ष अकेले छत्तीसगढ़ में ही करीब एक हजार से अधिक नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया या फिर उनकी गिरफ्तारी की गई, जबकि करीब 287 नक्सली मारे गए। सबसे अधिक नक्सली छत्तीसगढ़ में मारे गए। नक्सलियों की कमर सबसे अधिक छत्तीसगढ़ में टूटती नजर आ रही है। यहां लगभग 867 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इस चोट के बावजूद नक्सली संगठन गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों को निशाना बना ही रहे हैं। ये जानते हुए कि अब उनके दिन गिनती के रह गए हैं। हिंसा का रास्ता वैसे भी लंबी दूरी तय नहीं करता है। नक्सलियों ने अपने गिरेबान में झांकने के बजाय भोले-भाले ग्रामीणों के कंधे पर रख अपना उल्लू सीधा किया। यह धत् कर्म ये नक्सली संगठन लंबे वक्त से करते रहे हैं। हालांकि मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष के शासनकाल में नक्सलियों की कमर लगभग तोड़ दी है, लेकिन सुरक्षा बल के अधिकारी की हत्या करना यह दर्शाता है कि वो निराश हो चुके हैं और समाज की मुख्यधारा में लौटने की उनकी मंशा बिल्कुल भी नहीं है। जबकि सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए आर्थिक सहायता और पुनर्वास योजनाओं की भी शुरुआत की। इससे न केवल हिंसा में कमी आई, बल्कि स्थानीय लोगों की दुरियां भी कम हुई। इस कारण उन लोगों का मन बदला। तमाम उपायों के बावजूद लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहे लोगों के लिए मुख्यधारा में लौटना या मुख्यधारा के प्रति भरोसा बनाना बिना सुरक्षा सुनिश्चित किए संभव नहीं था। सरकार ने इस मोर्चे पर भी काम किया। सुरक्षा बलों की प्रभावी उपस्थिति हर संभव स्तर पर की। स्वाभाविक तौर पर सरकार बचे-खुचे नक्सलियों के खात्मे के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाएगी। हां, इस अभियान में निर्दोष लोगों को बेवजह परेशान न किया जाए, इस बात का ख्याल रखने की महती जरूरत है।

# जाति जनगणना का निर्णय मजबूरी या जरूरत

प्रो. नवल किशोर

पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात देश में भारत-पाक युद्ध की आशंका बन रही थी। इस तनावपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संकट के समय में राजनीतिक मामलों पर कैबिनेट कमिटी की बैठक से जातिगत जनगणना कराने की खबर ने देशवासियों को चौंका दिया था।

आश्चर्यचकित होने का पहला कारण था फैसले का समय और दूसरा इस मुद्दे पर भाजपा का यू-टर्न। गौरतलब है कि इस सवाल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प-यात्रा के एक कार्यक्रम में कहा था कि उनके लिए देश में सिर्फ चार जातिया हैं- मजदूर, युवा, महिला और किसान।

इस आलोक में यह भी बताना जरूरी है कि उपरोक्त टिप्पणी का उद्देश्य बिहार में तत्कालीन महागठबंधन सरकार द्वारा कराई जा रही जाति सर्वे को सार्वजनिक तौर पर खारिज करना था। अब जबकि इस वर्ष बिहार विधानसभा चुनाव आसन्न है, भाजपा के इस निर्णय को यू-टर्न कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। जातिवार जनगणना के पक्षकारों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि देर आए, दुरु स्त आए, लेकिन निर्णय के टाइमलाइन पर संशय व्यक्त किया गया था जिसके प्रति-उत्तर में अब एनडीए सरकार ने अगामी प्रक्रिया के समय सारणी की भी घोषणा कर दिया। आखिर क्यों? बीते वर्षों में भाजपा ने सदन से सड़क तक इसका जमकर विरोध किया था। कहा जा सकता है कि क्या यह निर्णय मजबूरी में लिया गया या इसके जरूरत को स्वीकारा गया है। यह जानना बेहद दिलचस्प है।

उत्तर-मंडल काल में जातिगत जनगणना की मांग निस्संदेह ओबीसी राजनीति के केंद्र में निरंतर रही है। तत्कालीन प्रधानमंत्री एच. डी. देवगौड़ा के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा सरकार ने पहली दफा फैसला लिया था कि 2001 में जातिगत जनगणना होगी, परंतु वर्ष 1999 में सरकार बदली और फैसला भी बदल गया। एनडीए सरकार में तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने सदन को सूचित किया था कि सरकार जातीय जनगणना नहीं कराएगी। सर्वविदित है कि भारतीय समाज का सबसे बड़ा हिस्सा सामाजिक-शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग था जिसमे लगभग तीन हजार जातियां शामिल थी। इन्हें मुख्यधारा से जोड़ना और विकसित करना किसी भी सरकार के लिए संवैधानिक प्रतिबद्धता मानी गई है। इस उद्देश्य से संविधान का एक पूरा का पूरा भाग -16 ( अनुच्छेद 330-342) राष्ट्र को समर्पित है।

इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए काका कालेलकर आयोग (प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग) एवं मंडल आयोग (दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग) का गठन हुआ किया गया था। इन रिपोर्ट में जाति जनगणना की जरूरत अंकित होने के बावजूद दशकों से यह मांग लंबित पड़ी थी। इसके पक्ष में सर्वसम्मति से पारित संसदीय प्रस्ताव के बाद यूपीए-ने सामाजिक-आर्थिक जातीय सर्वेक्षण 2011 कराई, लेकिन उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं कर पाई थी। भाजपा ने तो उक्त रिपोर्ट को सदा के लिए ठंडे बस्ते डाल दिया और राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना की मांग को भी संसदीय सवाल-जवाब में साफ मना कर दिया। भाजपा को बिहार में चुनावी जीत तो मिली है लेकिन लगभग तीन दशक बाद भी वह एक राजनीतिक शक्ति नहीं बन पाई है। विदित हो देश-स्तर पर भाजपा को आम चुनाव 2014 में बहुत बड़ा जनादेश मिलने के अगले ही साल बिहार विधानसभा चुनाव में उतनी ही बड़ी शिकस्त भी मिली थी। आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को शासन-विरोधी लहर झेलना पड़ेगा।

अकस्मात जाति जनगणना कराए जाने का यह संभावित कारण हो सकता है। बिहार में राजद ने जातीय जनगणना और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी को पुरजोर तरीके से मुद्दा बना रखा है। भाजपा लंबे समय से 'सवर्ण पार्टी' की छवि से उबरने का प्रयास कर रही है। जाति जनगणना से वह ओबीसी और अन्य वंचित वगरे को यह संदेश देना चाहती है कि वह उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है। इस एक निर्णय से विपक्ष की मांग का जवाब भी दिया जा रहा है। इसे स्वीकार करके भाजपा विपक्ष की राजनीतिक बढ़त को संतुलित करना चाहती है। साथ ही 2024 और आगे के चुनाव की रणनीति सुनिश्चित करना भी भाजपा नीत सरकार की मंशा है। इसके माध्यम से जातिगत आंकड़ों के आधार पर चुनावी रणनीति तैयार करना अधिक संभव होगा, जिससे मतदान पैटर्न को बेहतर समझा जा सकेगा।

बहरहाल यह एक बहुस्तरीय रणनीतिक कदम है, जिसमें राजनीतिक लाभ, सामाजिक संतुलन, नीतिगत दक्षता, प्रगतिशील विचार और लोकप्रिय समर्थन की संभावनाएं निहित हैं। बावजूद इसके कि जाति जनगणना का निर्णय विपक्षी राजनीतिक पार्टीयों के दवाब में लिया गया है, अगर इसका अनुपालन सही, सम्यक एवं समदर्शी ढंग से किया जाए, तो यह भारतीय लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधित्वशील, लोक कल्याणकारी एवं समावेशी बना सकता है। दूसरे शब्दों में यह जाति जनगणना सामाजिक न्याय के अनुपालन की दिशा में मंडल पार्ट-2 की भूमिका का सम्यक निर्वहन कर सकता है। समय की मांग है कि जाति जनगणना के माध्यम से सामाजिक न्याय को न सिर्फ जीवन-पद्धति का हिस्सा बनाया जाए अपितु मानवीयता एवं मानव अधिकार को भी उद्दात रूप प्रदान किया जाए।

# चिंतनीय है युद्ध के प्रति धार्मिक संकीर्णता

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विभूति फीचर्स)

मित्र और शत्रु की पहचान संकट के समय ही होती है। संकट आर्थिक, सामाजिक और आत्म सुरक्षा का भी हो सकता है तथा



अस्तित्व रक्षा हेतु युद्ध की स्थिति उत्पन्न होने से भी । युद्ध विश्व के किन्ही भी देशों के मध्य हो, कोई भी देश प्रत्यक्ष रूप से किसी के साथ खड़ा नही होना चाहता। विडम्बना यह है कि पंथ निरपेक्ष भारत में कुछ ऐसे तत्व उपस्थित हैं, जो युद्ध के समर्थन और विरोध में खड़े होने से परहेज़ नहीं करते। इज़राइल और ईरान के मध्य छिड़े युद्ध से भले ही अनेक इस्लामिक देश दूरी बनाए हुए हों, मगर भारत में व्यापक प्रतिक्रिया हो रही है। सोशल मीडिया तथा अन्य प्रकार से कोई इसे किसी विशेष धर्म पर हमला मानकर विरोध में आवाज बुलंद कर रहा है, कोई इसे इज़राइल के स्वाभिमान बचाने की लड़ाई बता रहा है। प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाले अधिकतर वे लोग हैं, जिन्हें न इज़राइल से कोई सरोकार है, न ही ईरान से। उन्हें केवल अपनी धार्मिक आस्था से सरोकार है। यह देश का दुर्भाग्य है, कि देश में ऐसे तत्व सक्रिय हैं, जो राष्ट्र धर्म की अपेक्षा धार्मिक आस्था में अधिक विश्वास रखते हैं तथा जिनका दृष्टिकोण मानवीय संवेदना से इतर केवल धर्म विशेष के लिए संवेदना व्यक्त करने तक ही सीमित है। संसार का हर व्यक्ति जानता है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। समस्याएं वैचारिक संवाद से ही सुलझ सकती हैं। फिर भी हिंसक युद्ध के समर्थन व विरोध में खड़े लोग विश्व भर में जिस प्रकार से प्रदर्शन आदि कर रहे हैं , उससे लगता है कि उनका समर्थन या विरोध तब तक अधूरा है, जब तक कि वे मानवीय संवेदना मानव मात्र के बचाव में व्यक्त नहीं करते। ताज्जुब तब होता है कि जब भारत में रहने वाले तथाकथित पंथ निरपेक्ष तत्व बांग्लादेश में धर्म विशेष के उपासना स्थलों को आग के हवाले करने तथा धर्म विशेष के अनुयायियों की सार्वजनिक स्थलों पर हत्याएं होती देखकर आँखें मूँद लेते हैं, जिन्हें पाकिस्तान में धर्म विशेष के अनुयायियों की बहन, बेटियों का अपहरण एवं जबरिया निकाह जैसा जघन्य कृत्य भी अमानवीय दिखाई नहीं देता। यही नहीं जिन्हें पश्चिमी बंगाल में अवैध घुसपैठियों की अराजकता में कुछ भी गलत दिखाई नहीं देता। विश्व शांति की बात करने वाले लोग और उनके सुर में सुर मिलाते राजनीतिक दलों को अपना दोहरा चरित्र दिखाने में भी लज्जा नहीं आती। सच तो यह भी है कि दूसरों के घर की आंच पर रोटी सेंकने का सपना देखने वाले लोग अपने घर में उत्पात मचाने वालों पर अंकुश लगाने की बात कभी नहीं करते। विश्व भर में अनेक देश कभी अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते और कभी अपनी आत्मरक्षा हेतु युद्ध के मुहाने पर खुद को खड़ा करते ही हैं। बड़े बड़े देश अपने हथियार बेचने के लिए युद्ध के लिए अपने ग्राहक देशों को उकसाते भी हैं, किन्तु इसका आशय यह तो नहीं कि युद्धोन्माद में मानवता को ही भुला दिया जाए या मानवता की अवहेलना करके युद्ध का समर्थन एवं विरोध करके अपने गिरेवान में झाँकने से परहेज किया जाए। यह चिंतनीय विषय है, जिस पर व्यापक बहस होनी अपेक्षित है।

## शब्द सामर्थ्य -087

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 086 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र.087

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.086 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# राशिफल

**मेष**
मेष वालों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। लॉ के क्षेत्र से जुड़े स्टूडेंट के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कहीं से एक केस आपके हाथ लग सकता है। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है। सोसाइटी में आज आपको पहले किए किसी सामाजिक कार्य के लिए सम्मान मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। लवमेट के साथ डिनर पर जा सकते हो। आज आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि हो होगी।

**वृषभ**
वृष वालों के लिए आज का दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान भी बन सकता है। आज अचानक से आपके घर पर आपका करीबी रिश्तेदार आ सकता है। दोस्तों के साथ लंबे टूर की प्लांनिग बन सकती है। आज आपके बिजनेस में फायदा होने के योग बन रहे है। स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। आज आप अपने बड़े ङ्क बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर नया बिजनेस शुरु कर सकते हो, जिससे आपको इसका फायदा भविष्य में होगा। लवमेट वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
मिथुन वालों के लिए आज के दिन मन में नए ङ्क नए विचार आ सकते है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है, मेहनत का फल अच्छा मिलेगा। आप दोस्तों के साथ बाहर हिल स्टेशन पर जा सकते है। दाम्पत्य जीवन में मिठास बनी रहेगी। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने दोस्त से हो सकती है, जिसका फायदा आपको भविष्य में होगा। आज आफिस में आपके काम की प्रशंसा हो सकती है। जुनियर आपसे काम सीखने आ सकते है। पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा।

**कर्क**
कर्क वालों के लिए आज का दिन ठीक ङ्क ठाक रहेगा। बिजनेस में थोड़ी सी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन जल्द ही सब नॉर्मल हो जाएगा। आज अपनी वाणी पर कंट्रोल रखने से आपको ही फायदा होगा। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। बेहतर होगा कि आप बाहर के खाने को अवॉयड करें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं। घर से बाहर जाने से पहले आप जरूरी सामान जरूर ले जाएं।

**सिंह**
सिंह वालों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। निश्चित ही घर में खुशियों का आगमन होगा। पारिवारिक सम्बन्धी परेशानियां आज खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी। आज के दिन आपका करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। कार्यक्षेत्र में बढोत्तरी के नये अवसर प्राप्त होगें। ऑफिस में सहकर्मियों की मदद से आज आपका काम जल्द ही पूरा हो जायेगा। शाम को जीवनसाथी के सहयोग से आपकी परेशानी थोड़ी कम होगी, जिसके बाद आप अच्छा महसूस करेगें।

**कन्या**
आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज आपको शत्रु पक्ष से सावधान रहने की जरुरत है, लेकिन अपनी समझदारी से आप कार्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे। पानी का सेवन करने से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज किसी कन्या को नया सिक्का देने से परिवार में सुख समृद्धि बढ़ेगी। इस राशि के आविवाहित लोगों को विवाह के शुभ प्रस्ताव मिल सकते है। आज इलेक्ट्रानिक सामान खरीदने का प्लान बना सकते है।

**तुला**
तुला वालों आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आर्शीवाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेंगें। राजनीति में आप सक्रिय भूमिका निभाएंगें। आप विरोधियों का सामना करेंगें। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेगें। इस राशि के लोगों को आज कानूनी मामलों से बचने की जरूरत है वरना आपको इसके बदले मोटी रकम चुकानी पड़ सकती है। आज आर्थिक पक्ष पहले से काफी बढ़िया रहेगा।

**वृश्चिक**
आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़े हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अन्दरूनी ताक़त कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। व्यापारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के शादीशुदा लोग किसी रेस्टोरेंट में डिनर का प्लान बना सकते हैं। पुरानी जायदाद के क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। आज संतान के प्रति विश्वास बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**धनु**
कालात्मक कार्यों में आज आपकी रूचि बढ़ेगी। आज व्यापारियों को बिजनेस में बढ़िया लाभ होगा। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज धार्मिक स्थलों की यात्रा जीवनसाथी के साथ जाने पर शुभफल प्राप्त होंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। किसी नये कोर्स को ज्वाइन करने के लिए आज का दिन बेस्ट है। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतर है , एक दूसरे के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

**मकर**
मकर वालों के लिए आज का दिन ठीक - ठाक रहेगा। आज उन लोगों से सावधान रहें जो आपको ग़लत राह पर ले जाने की सोचते हैं। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। आज फर्नीचर का सामान खरीदेंगे तो आपके लिए दिन शुभ है। आपके वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएगी। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नयी योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा।

**कुंभ**
कुंभ वालों आज का दिन यात्रा में बीतेगा। ये यात्रा ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। जो इस राशि के इंजीनियर्स है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब के लिए ऑफर आ सकती है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कॉम्पटेटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार आपको मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। अगर कोई नयी गाड़ी खरीदना चाह रहें है तो आज ले लीजिए।

**मीन**
मीन वालों आज अपने बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर नया बिजनेस शुरू करें तो फायदा होना तय है। बच्चों के करियर के लिए आप किसी से उधार ले सकते हैं। आज आपको व्यापार में अचानक से धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। आज दूसरों के मामलों में दखल ना दें, आवश्यकता पड़ने पर ही अपनी राय दें। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर जल्दी गुस्सा करने से बचें। आज प्रापर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

# आनलाइन गेमिंग: संयम और जागरूकता आवश्यक

(विवेक रंजन श्रीवास्तव -विभूति फीचर्स)



आज आनलाइन गेमिंग युवाओं के जीवन का एक बड़ा हिस्सा बन गया है। जहां इसके कुछ सकारात्मक पहलू हैं, वहीं इसका स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव पड़ रहा है ।

**नकारात्मक शारीरिक स्वास्थ्य**

गतिहीन जीवनशैली तथा लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, मांसपेशियों में अकड़न, पोस्चर खराब होना गर्दन और पीठ दर्द,हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है। आँखों पर दबाव ,स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार फोकस से आँखों में थकान, सूखापन और धुंधली दृष्टि , डिजिटल आई स्ट्रेन, के प्रकरण हो चुके है। नींद में खलल, गेमिंग, खासकर रात में, नींद के पैटर्न को बुरी तरह प्रभावित करती है। नीली रोशनी मेलाटोनिन ,नींद के हार्मोन के उत्पादन को रोकती है, जिससे नींद न आना या खराब नींद होती है। इससे थकान, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी आती है। लंबे गेमिंग सत्रों के कारण खान पान अनियमित हो जाता है और युवा जंक फूड पर निर्भर हो जाते हैं या भोजन छोड़ देते हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य**

गेमिंग की नशे जैसी लत के कारण गेमिंग डिसऑर्डर देखने को मिलता है। कुछ युवा गेमिंग के कारण स्वयं पर नियंत्रण खो देते हैं, जिससे पढ़ाई, रिश्ते और दैनिक जिम्मेदारियाँ प्रभावित होती हैं। यह चिंता, अवसाद और अलगाव की भावना पैदा करती है। प्रतिस्पर्धी दबाव, ऑनलाइन उत्पीड़न साइबरबुलिंग, या सोशल मीडिया से तुलना करने से चिंता और आत्मसम्मान की उपेक्षा बढ़ती है। आवेग नियंत्रण में कमी आती है। कुछ अध्ययनों में हिंसक गेम्स और आवेगी व्यवहार या क्रोध के बीच संबंध देखा गया है। वास्तविक दुनिया से पलायन करने की आदत हो जाती है। ज्यादा गेमिंग वास्तविक समस्याओं से निपटने के बजाय उनसे बचने का माध्यम बन जाती है।आमने-सामने, मिलने जुलने और सामाजिकता में कमी होती है।ऑनलाइन दोस्ती के बावजूद, वास्तविक दुनिया में मिलने-जुलने और सामाजिक कौशल विकसित करने का समय कम होता है। साइबरबुलिंग ,ऑनलाइन गेमिंग समुदायों में उत्पीड़न, नस्लवाद या लिंगभेद का सामना बढ़ता है, जिसका मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

**सकारात्मक प्रभाव**

गेमिंग के कुछ सकारात्मक प्रभाव भी होते हैं। कौशल विकास होता है। कुछ गेम्स समस्या-समाधान, रणनीतिक सोच, त्वरित निर्णय लेने, हाथ-आँख के समन्वय और स्थानिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। ऑनलाइन गेम्स टीम वर्क, सहयोग और संचार कौशल विकसित करने का मंच प्रदान कर सकते हैं। वे दुनिया भर के लोगों से जुड़ने और मित्रता करने में मदद कर सकते हैं विशेषकर उनके लिए जिन्हें सामाजिककरण में कठिनाई होती है।

**रचनात्मकता**



कई गेम्स कहानी कहने, संसाधन प्रबंधन और यहाँ तक कि ऐतिहासिक या वैज्ञानिक अवधारणाओं के बारे में सीखने को प्रोत्साहित करते हैं। कुछ गेम्स में रचनात्मक निर्माण तत्व भी होते हैं।

**तनाव से राहत**

आनलाइन गेमिंग से मनोरंजन सुनिश्चित होता है। संयमित रूप से खेलने पर गेम्स मनोरंजन, आराम और तनाव कम करने का एक प्रभावी साधन हो सकते हैं। इसलिए स्वस्थ संतुलन बनाएँ , समय सीमा तय करें, प्रतिदिन गेमिंग का स्पष्ट समय निर्धारित करें और उसका पालन करें। शारीरिक गतिविधियों को प्राथमिकता दें, नियमित व्यायाम और बाहरी गतिविधियों के लिए समय अवश्य निकालें। नींद पूरी करें , सोने से कम से कम एक घंटा पहले स्क्रीन बंद कर दें। अच्छी नींद की आवश्यकता समझें। स्वस्थ भोजन जरूर लें । नियमित, संतुलित भोजन करें। गेमिंग के दौरान जंक फूड से बचें। वास्तविक दुनिया के संबंध बनाए रखें, परिवार और दोस्तों के साथ आमने-सामने समय बिताने को प्राथमिकता दें। सुरक्षा और सकारात्मकता आवश्यक होती है। सकारात्मक और सम्मानजनक बातचीत करें। जागरूकता और संवाद बनाए रखें । माता-पिता को गेमिंग की दुनिया के बारे में जानना चाहिए और अपने बच्चों से इसके अनुभवों के बारे में खुलकर बात करनी चाहिए। संभावित नुकसान के संकेतों जैसे व्यवहार में बदलाव, स्कूल के काम में गिरावट, पर नज़र रखें। आनलाइन गेमिंग सदैव बुरी नहीं है पर संयम और जागरूकता महत्वपूर्ण है। जब गेमिंग अन्य जीवन गतिविधियों शारीरिक व्यायाम, पढ़ाई, परिवार, दोस्त, पर्याप्त नींद को प्रभावित करने लगे, तो यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाती है। युवाओं को स्वस्थ डिजिटल आदतें विकसित करने में मदद करना और गेमिंग को जीवन का एक संतुलित हिस्सा बनाना ही इसके नकारात्मक प्रभावों को कम करने और सकारात्मक पहलुओं का लाभ उठाने की कुंजी है।

# अमेरिका ने ईरान पर किया हमला, 3 परमाणु ठिकानों पर बरसाए बम

**तेहरान,ए.।** ईरान और इजरायल के बीच जंग में आधिकारिक तौर पर अमेरिका भी कूद गया है। अमेरिका ने भारतीय समयानुसार आज सुबह 4-30 बजे ईरान में 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। इनमें नतांज, फोर्दो और इस्फहान शामिल है। हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि फोर्दो खत्म हुआ। उन्होंने कहा कि सभी विमान सुरक्षित रूप से अपने घरों की ओर लौट गए हैं।

ट्रंप ने कहा, हमारे महान अमेरिकी योद्धाओं को बधाई। दुनिया में कोई और सेना नहीं है जो ऐसा कर सकती थी। अब शांति का समय है। उन्होंने कहा कि ईरान को अब इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होना चाहिए। इसके बाद देश के नाम संबोधन में उन्होंने कहा, अब ईरान को शांति कायम करना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, मैंने आपसे वादा किया था कि ईरान की परमाणु सुविधाएं किसी न किसी तरह से नष्ट कर दी जाएंगी। अभियान के बाद मैंने तुरंत ट्रंप को बधाई देने के लिए फोन किया। उन्होंने मुझे, हमारी सेना और हमारे लोगों को बधाई दी। राष्ट्रपति ट्रंप ताकत के साथ मुक्त दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। वह इजरायल के बहुत अच्छे मित्र हैं, उनके जैसा कोई दूसरा नहीं है।

एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ईरान के फोर्दो परमाणु संयंत्र पर 12 बंकर बस्टर बम गिराए गए। इसके लिए अमेरिका ने 6 बी-2 बमवर्षक विमानों को तैनात किया था। इसके अलावा नौसेना की पनडुब्बियों से ईरान के नतांज और इस्फहान परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर 30 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागी गईं। अधिकारी ने बताया कि बी-2 बमवर्षक विमान ने नतांज पर 2 बंकर बस्टर बम भी गिराए।

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ के सलाहकार महदी मोहम्मदी का कहना है कि ईरान को फोर्दो पर अमेरिकी हमले की आशंका थी। मोहम्मदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, इस जगह को बहुत पहले ही खाली करा लिया गया था और हमले में कोई ऐसा नुकसान नहीं हुआ है जिसकी भरपाई न की जा सके। 2 बातें पक्की हैं- पहली, ज्ञान पर बमबारी नहीं की जा सकती और दूसरी, इस बार जुआरी हार जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, हालात बहुत खतरनाक हो गए हैं और अब यह जंग तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकती है, जिसका बहुत बुरा असर आम लोगों, पूरे इलाके और दुनिया पर पड़ेगा। इस संकट की घड़ी में जरूरी है कि हम अराजकता और तबाही के इस सिलसिले को रोकें। इस हालात का कोई सैन्य समाधान नहीं है। कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है और शांति एकमात्र उम्मीद है। एक सूत्र के हवाले से कहा कि अमेरिका और इजरायल ने करीब एक साल पहले ईरान के खिलाफ आज रात के हमले का अभ्यास किया था। सूत्र ने कहा कि यह पहला अभ्यास था, जिसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ आक्रामक हमले की प्रैक्टिस की गई थी। इस अभ्यास की योजना जो बाइडन प्रशासन के दौरान बनाई गई थी। सूत्र ने कहा, हमने एक साल पहले नहीं सोचा था कि यह अब होगा।

# अभिषेक बच्चन को एक बच्चे से मिली जिंदगी की बड़ी सीख, जूनियर बच्चन की कालीधर लापता का शानदार ट्रेलर रिलीज



अभिषेक बच्चन इन दिनों रियलिस्टिक सिनेमा में पकड़ बना रहे हैं और लोग उन्हें इस तरह के रोल में पसंद भी करते हैं. उनकी पिछली दो फिल्में आई वांट टू टॉक, और बी हैप्पी बहुत ही सिंपल और आम लोगों से जुड़ने वाली कहानियां थीं. जिनमें उनका आम सा दिखने वाला कैरेक्टर जिंदगी की बड़ी सीख दे जाता है. इन दोनों ही फिल्मों को लोगों ने पसंद किया, खासकर अभिषेक की एक्टिंग को सराहना मिली. अब एक बार फिर से जूनियर बच्चन एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं जो आपके दिल को छू जाएगी. फिल्म का नाम है- कालीधर लापता, इसकी एक झलक आप इसके ट्रेलर में देख सकते हैं.

अभिषेक बच्चन स्टारर कालीधर लापता का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया. फिल्म का ट्रेलर शानदार और दिल को छूने वाला है. क्योंकि अभिषेक इस फिल्म में किसी नामी आदमी या ओवर अचीवर से नहीं बल्कि एक बच्चे से जिंदगी जीना सीख रहे हैं. दरअसल किसी वजह से परेशान होकर अभिषेक का किरदार कालीधर अपना घर छोड़कर चला जाता है, बाहर उसे एक 12-13 साल का बच्चा मिलता है जो उसे जिंदगी की छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढना सीखाता है. साथ ही उसे खुद के लिए जीने के लिए इंस्पायर करता है. कालीधर के घरवाले उसे ढूंढने की कोशिश करते हैं लेकिन वह यह जानते हुए भी घर नहीं जाना जाता है.

तो कैसे एक अपनो को छोड़कर एक अजनबी बच्चे संग कालीधर अपनी एक अलग दुनिया बसाता है यही उसकी कहानी है. ट्रेलर में कई ऐसे डायलॉग हैं जो दिल को छूते हैं जैसे बच्चा कहता है- हर रिश्ते की एक एक्सपायरी डेट होती है, अब से अपने लिए जीना सीखो, वो करो जो तुम्हारा मन करे. जिसके बाद कालीधर हर वो छोटी छोटी चीजें करता है जो वो कभी करना चाहता था.

ट्रेलर में कॉमेडी, ड्रामा, सस्पेंस, इमोशन सबकुछ देखने को मिलेगा. अभिषेक ने अपने एक्स हैंडल पर ट्रेलर शेयर करते हुए कहा, कभी-कभी लाइफ में दूसरा मौका मिलने लगता है और यही वह समय होता है जब सबसे अलग एक्सपीरियंस और रिश्ते बनते हैं।


कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, चम्बल मण्डल मुरैना (म0प्र0)
--00--

{ चम्बल भवन II[nd] फ्लोर ए.बी. रोड मुरैना ई-मेल-sereschambal@mp.gov.in }

क्र./ 448 /ग्रा.या.से./तक/25 मुरैना,दिनांक 20/06/25

//प्रेस विज्ञप्ति//

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -- 04/2025-26

निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदायें लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धिति से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से दो कवर पद्धिति में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागीय कार्यालय | टेण्डर आई.डी. | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित (पी.ए.सी.) लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग श्योपुर | 2025_RES_432234 | बहुउददेशीय केन्द्र निर्माण खाखरिया का सहराना धीरोली ग्राम पंचायत धीरोली विकास खण्ड श्योपुर | 1 | 49.39 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 27.06.2025 समय-10.00 बजे से प्रारंभ होकर, निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 13.07.2025 समय-18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन संबंधी सूचनाएं उपरोक्त वेबसाईट पर दी जावेगी।

(आर.सी .जाटव)
अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
चंबल मण्डल मुरैना

G-14680/25



कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) जिला मुरैना

फोन नं.07532-223500 ई-मेल Dmmorena@nic.in

प्र.क्र.10/अ-82/2024-25/भू-अर्जन/आ.स.क्र.नी./तिंदोली/5126 मुरैना दिनांक 17/6/25

सार्वजनिक सूचना

(म.प्र. आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2014 की कण्डिका 11 (1) (2) अनुसार)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपमुख्य अभियंता निर्माण उ.म. रेलवे ग्वालियर द्वारा ग्वालियर से श्योपुर छोटी लाईन से बडी लाईन अमान परिवर्तन परियोजना अंतर्गत **ग्राम तिंदोली तहसील सबलगढ, जिला मुरैना** की निजी भूमि सर्वे क. 95 रकवा 0.610 में से 0.331 हेक्टे. भूमि आपसी सहमति से क्रय हेतु मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल के ज्ञापन क. 12-2/2014/सात/2-ए/ भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2014 निहित प्रावधान अनुसार निम्नलिखित भूमि धारकों से उनके समक्ष दर्शाये गये विवरण अनुसार भूमि क्रय करने हेतु विचार किया जा रहा है।

अतः मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल के ज्ञापन क. 12-2/2014/सात/2-ए/ भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2014 भोपाल की कंडिका 11 (1) में निहित प्रावधान अनुसार सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फायनेंस, फर्म, शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यालय को उक्त भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस की अवधि में आधार सहित कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) जिला मुरैना के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। भूमि का विवरण निम्नानुसार है:-

परियोजना का नाम- ग्वालियर से श्योपुर छोटी लाईन से बडी लाईन अमान परिवर्तन
जिलाः- मुरैना
तहसीलः- सबलगढ
ग्रामः- तिंदोली
क्षेत्रफलः- 0.331 हेक्टेयर

| क. | भूमिस्वामी का नाम | सर्वे नम्बर | अर्जित रकवा हेक्टे. में |
|---|---|---|---|
| 1 | पतिराम पुत्र भागीरथ जाति त्यागी निवासी सबलगढ | 95 | 0.331 |
| | | कुल किता 01 | कुल रकवा 0.331 |

कलेक्टर
जिला मुरैना (म.प्र.)

G-14632/25


# बॉक्स ऑफिस पर धनुष की कुबेरा ने मचाया धमाल, पहले दिन खाते में आए 13 करोड़ रुपये

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष की फिल्म कुबेरा आखिरकार लंबे इंतजार के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक देते ही बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। अब कुबेरा की कमाई के पहले दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो बेहद शानदार हैं। बॉक्स ऑफिस का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, कुबेरा ने पहले दिन 13 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये फिलहाल शुरुआती आंकड़े हैं, इसलिए आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें मामूली बदलाव हो सकता है। कुबेरा का बजट 120 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। उम्मीद है कि वीकेंड पर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर और अच्छा प्रदर्शन करेगी। बॉक्स ऑफिस पर कुबेरा का सामना सितारे जमीन पर और हाउसफुल 5 से हो रहा है। शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी फिल्म कुबेरा में धनुष के अलावा नागार्जुन और रश्मिका मंदाना जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आ रहे हैं। जिम सर्भ और दलीप ताहिल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। कुबेरा में धनुष एक भिखारी की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में उनके काम को काफी सराहा जा रहा है। फिल्म का निर्माण सुनील नारंग, पुस्कुर राम मोहन राव और अजय कैकला ने मिलकर किया है।





## संक्षिप्त समाचार

### 6 कंपनियों के पूंजीकरण में 1.62 लाख करोड़ रुपये का इजाफा, एयरटेल सबसे आगे

**नईदिल्ली,ए.।** ईरान-इजरायल युद्ध से दुनियाभर के शेयर बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है, लेकिन भारतीय बाजार पर इसका कुछ खास असर नहीं पड़ा है। पिछले सप्ताह देश की शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 6 ने मुनाफा कमाया है। उनके संयुक्त बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह 1.62 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है, जिसमें भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे हैं। बीएसई सेंसेक्स सूचकांक में भी उछाल देखा गया, जो 1,289.57 अंक या 1.58 फीसदी बढ़ा है। पिछले सप्ताह भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 54,055 करोड़ रुपये बढ़कर 11.04 लाख करोड़ रुपये हो गया। दूसरी तरफ, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने मूल्यांकन में 50,070 करोड़ रुपये जोड़े हैं, जिससे यह 19.82 लाख करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में 38,503 करोड़ रुपये, इंफोसिस का 8,433 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 8,012 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मूल्यांकन में भी 3,212 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। पिछले सप्ताह 4 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट देखी गई। इनमें सबसे बड़ा नुकसान बजाज फाइनेंस हो हुआ है, जिसके मूल्यांकन में 17,876 करोड़ रुपये कम हुआ है। इसी अवधि में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का पूंजीकरण 4,613 करोड़ रुपये घटा है, जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में 3,336 करोड़ रुपये और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में 1,106.88 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनियों के सूची में शीर्ष पर है।

### एचडीएफसी का अधिग्रहण चाहता था आईसीआईसीआई, दीपक पारेख ने किया खुलासा

**नईदिल्ली,ए.।** आईसीआईसीआई बैंक कभी एचडीएफसी को अधिग्रहित करना चाहती थी, लेकिन इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। यह खुलासा एचडीएफसी लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष दीपक पारेख ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर से बातचीत के दौरान किया। उन्होंने यह भी बताया कि चंदा कोचर ने इस मर्जर का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि जब एचडीएफसी लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक का मर्जर हुआ, तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विलय को लेकर काफी सपोर्ट किया। दीपक पारेख ने चंदा कोचर से साक्षात्कार में खुलासा किया, मुझे याद है कि आपने एक बार मुझसे बात की थी, आपने कहा था कि आईसीआईसीआई ने एचडीएफसी की शुरुआत की थी। आप घर वापस क्यों नहीं आते? यह आपका प्रस्ताव था। उन्होंने यह कहते हुए प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया कि यह हमारे नाम, बैंक और सभी के साथ उचित नहीं होगा। पारेख ने कहा कि यह बैंक के साथ मर्जर होने के पहले की घटना है। बाद में नियामक दबाव के चलते जुलाई, 2023 में एचडीएफसी बैंक के साथ रिवर्स मर्जर पूरा हुआ। आरबीआई ने मर्जर के दौरान काफी सपोर्ट किया। हालांकि, उन्होंने कोई छूट, राहत या अतिरिक्त समय नहीं दिया था। दीपक पारेख कहते हैं कि यह प्रक्रिया काफी छुपा कर की जा रही थी। मर्जर के दिन को याद करते हुए पारेख ने कहा कि वह दिन खुशियों और दुख दोनों का दिन था। हालांकि, यह फैसला संस्थाओं के लिए काफी अच्छा रहा।

### रेनो, फॉक्सवैगन और स्कोडा की भारत में बिक्री घटी

**नईदिल्ली, ए.।** दिग्गज यूरोपीय कार निर्माता कंपनियां रेनो, फॉक्सवैगन और स्कोडा को भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जाटो डायनेमिक्स के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 3 वित्तीय वर्षों में इन कंपनियों की बिक्री में गिरावट देखी गई है। इसके पीछे एसयूवी सेगमेंट में पिछड़ना, मॉडल्स को अपडेट करने में देरी, छोटे शहरों में डीलरशिप का अभाव और भारतीय टैक्स संरचना जैसे कई कारण बताए जा रहे हैं।

# जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास, पाक के दिग्गज तेज गेंदबाज को पछाड़कर बने नंबर 1 बॉलर



**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम पूरी दुनिया में गूंजता है. अब बुमराह ने भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में कुछ ऐसा कारनामा कर दिया है, जिससे पूरे एशिया में एक बार फिर से उनका नाम गूंजने लगा है. जसप्रीत के इस कारनामे से सेना कंट्री भी हिल गई हैं. तो आइए आपको बुमराह की इस अद्भुत उपलब्धि के बारे में बताते हैं.

दरअसल, हेडिंग्ले टेस्ट के दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट भारत के लिए चटकाए. उन्होंने पहले जैक क्रॉली (4) और फिर बेन डकेट (62) को पवेलियन की राह दिखाई. इसके बाद बुमराह ने तीसरा और दिन का अपना अंतिम विकेट जो रूट (28) के रूप में चटकाया. इस पहले टेस्ट के दूसरे दिन 3 विकेट लेने के साथ ही जसप्रीत बुमराह ने इतिहास रच दिया.

इन 3 विकेट के साथ जसप्रीत बुमराह सेना (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) कंट्री में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले एशिया के नंबर 1 गेंदबाज बन गए हैं. इस रिकॉर्ड को अपने नाम करने के साथ ही बुमराह ने पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पछाड़ दिया है. अब जसप्रीत बुमराह वसीम अकरम को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में सेना कंट्री में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज बन गए हैं।

जसप्रीत बुमराह से पहले ये मुकाम वसीम अकरम के नाम था. अब बुमराह के नाम सेना कंट्री में 147 टेस्ट विकेट दर्ज हो गए हैं जबकि अकरम के नाम 146 विकेट मौजूद हैं. भारत के लेग स्पिनर अनिल कुंबले भी इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं. उनके नाम सेना कंट्री में 141 विकेट दर्ज हैं। इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया. टीम इंडिया ने यशस्वी जायसवाल 101, शुभमन गिल 147 और ऋषभ पंत 134 की बदौलत पहली पारी में 471 रन बनाए. अब तक इंग्लैंड दूसरे दिन के खेल के खत्म होने के बाद 209 रन 3 विकेट खोकर बना चुका है. इंग्लैंड के लिए ओली पोप 100 रन बनाकर क्रीज पर नाबाद हैं. भारत के लिए जसप्रीत बुमराह 3 विकेट ले चुके हैं।

# जो रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड

**लीड्स, ए.।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन जो रूट ने नया इतिहास रचा। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह भारत के खिलाफ इंग्लैंड की धरती पर सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रूट 28 रन बनाकर आउट हुए। अब इंग्लैंड में भारत के खिलाफ उनके 1,602 रन हो गए हैं। इस बल्लेबाज को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। रूट ने तेंदुलकर के लंबे समय से कायम रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। तेंदुलकर ने इंग्लैंड की धरती पर भारत की ओर से खेलते हुए 54.31 की औसत से 1,575 रन बनाए थे। उन्होंने यह आंकड़ा 17 टेस्ट मैचों में 4 शतक की मदद से हासिल किया था। इस सूची में रूट और तेंदुलकर के बाद राहुल द्रविड़ (1,376), एलिस्टेयर कुक (1,196) और सुनील गावस्कर (1,152) जैसे दिग्गज शामिल हैं। रूट का भारत के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 16 टेस्ट मैचों में 72.81 की औसत से कुल 1,602 रन बनाए हैं। भारत के खिलाफ अपनी धरती पर उनसे ज्यादा रन सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग के हैं, जिनके नाम 1,893 रन दर्ज हैं। भारत के खिलाफ घर में सबसे ज्यादा 7 शतक लगाने का रिकार्ड भी रूट के पास ही है। रूट के नाम भारत के खिलाफ घर में 5 अर्धशतक भी हैं। रूट ने भारत के खिलाफ अपना 31वां टेस्ट खेलते हुए अब तक कुल 2,874 रन बना लिए हैं। उनकी औसत 57.48 की है। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी बल्लेबाज ने भारत के खिलाफ इतने ज्यादा रन नहीं बनाए हैं। 2,600 रन के आंकड़े को भी कोई अन्य बल्लेबाज नहीं छू सका है।

# ईरान पर अमेरिकी हमले से बढ़ सकती है कच्चे तेल की कीमत

**नई दिल्ली,ए.।** इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच में अमेरिका के उतर आने से माहौल काफी बदल गया है. वहीं अमेरिका के द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी किए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ गया है. इस वजह से कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी हो सकती है, जो इस महीने पहले ही लगभग 20 प्रतिशत बढ़ चुकी है. बताया जाता है कि अंतिम कारोबारी सत्र में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का फ्यूचर्स करीब 77 डॉलर प्रति बैरल पर था लेकिन अमेरिका के ईरान के खिलाफ लड़ाई में उतर आने से कच्चा तेल में उछाल आ सकती है. युद्ध की वजह से मध्य पूर्व में इराक, यूएई, कुवैत और सऊदी अरब से तेल की आपूर्ति पर असर पड़ने की संभावना है. इस वजह से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है. वहीं इसका असर शिपिंग पर भी पड़ सकता है क्योंकि हूती विद्रोहियों ने इसको लेकर पहले ही चेतावनी दे रखी है कि यदि अमेरिका के द्वारा ईरान पर हमला किया गया तो वे जहाजों पर हमले फिर से प्रारंभ कर देंगे. गौरतलब है कि भारत अपने कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 प्रतिशत आयात करता है. तेल की दामों के बढ़ जाने से देश के तेल आयात बिल में इजाफा हो सकता है. इसके अलावा मुद्रास्फीति की दर बढ़ सकती है जिसकी वजह से आर्थिक विकास को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इतना ही नहीं विदेशी मुद्रा के बड़े पैमाने पर आउटफ्लो से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले में रुपये भी कमजोर हो सकता है. इस बारे में एमके ग्लोबल की एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान रोजाना करीब 3.3 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है. इसमें 80 प्रतिशत तेल चीन को आयात किया जाता है. वहीं ईरान होर्मुज स्ट्रेट के उत्तरी किनारे पर होने से विश्व भर में 20 मिलियन बैरल से अधिक कच्चे तेल का बिजनेस होता है. बता दें कि होर्मुज स्ट्रेट मध्य पूर्व में एक चोक प्वाइंट है. इस रास्ते से यूएई और सऊदी अरब भी शिपिंग करते हैं और इसको लेकर पहले ही ईरान ने बंद करने की चेतावनी दी है. फिलहाल दुनियाभर कि निगाहें इजराइल-ईरान युद्ध में आगे के घटनाक्रम पर टिकी हैं।

# जोफ्रा आर्चर की 4 साल बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में हुई वापसी




**नईदिल्ली,ए.।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 4 साल बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। उन्हें ससेक्स की टीम में शामिल किया गया है जो रविवार से डरहम के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। पहले घोषित की गई टीम में आर्चर का नाम नहीं था। हालांकि, अब इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आर्चर टीम का हिस्सा हैं। उनकी वापसी इंग्लैंड की चोटिल तेज गेंदबाजी इकाई के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है।

आर्चर ने फरवरी 2021 के बाद से एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। उन्होंने आखिरी बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट मई 2021 में ससेक्स की ओर से खेला था। इसके बाद लगातार चोटों के कारण उनकी वापसी बार-बार टलती रही। हालांकि, इस बीच वह इंग्लैंड की ओर से वनडे और टी-20 क्रिकेट खेले हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान में आयोजित की गई चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी बार इंग्लैंड की ओर से मैदान पर कदम रखा था। आर्चर इस समय चोट से जूझ रहे कई तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। उनके अलावा मार्क वुड, ओली स्टोन और गस एटकिंसन भी फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। वुड ने हाल ही में कहा था कि वह भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले 5वें टेस्ट में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। वहीं, आर्चर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी भारत-इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में हो सकती है। बेन स्टोक्स ने आर्चर को लेकर एक दिलचस्प किस्सा साझा किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, ÷कभी-कभी वह अचानक मुझे संदेश भेज देता था, जिसमें बस इतना लिखा होता - %जिम्बाब्वे?% मैं जवाब देता- जरा रुको, अभी वहीं रुकते हैं। मैं जानता हूं कि तुम अच्छी स्थिति में हो लेकिन इतनी जल्दी भी नहीं। उसे पिछले कुछ समय में बेहद कठिन दौर से गुजरना पड़ा है, लेकिन उन्होंने सीमित ओवरों के प्रारूप में अच्छा खासा क्रिकेट खेला है।÷ आर्चर ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2019 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।

# पीआईसी से हटने के बाद, पार्षद सिंघल को नपा अध्यक्ष में दिखी खामियां

## पत्रकारवार्ता कर नपाध्यक्ष और उनके पति के खिलाफ आरोपों की लगाई झड़ी



**शिवपुरी ब्यूरो।** नगर पालिका परिषद की पीआईसी से कथित रूप से अपमानजनक तरीके से हटाए गए पार्षद गौरव सिंघल ने आज स्टार गोल्ड होटल में पत्रकारवार्ता बुलाकर अपने मन की पीड़ा जाहिर की। पत्रकारवार्ता में अध्यक्ष विरोधी भाजपा पार्षद और उनके परिजन भी मौजूद रहे। पार्षद सिंघल ने कहा कि कौन पीआईसी में रहे और कौन नहीं यह विशेषाधिकार नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा का है लेकिन किसी भी पीआईसी मेम्बर को यदि उन्हें हटाना है तो उसके सम्मान का ध्यान रखना चाहिए था, लेकिन मुझे पीआईसी से हटाने में मेरे सम्मान का कोई ध्यान नहीं रखा गया। न तो मुझ से पीआईसी से इस्तीफा देने का कहा गया और न ही हटाने से पूर्व मुझे सूचित किया गया। मुझे हटाने के लिए नियमों का भी पालन नहीं किया गया। सिंघल ने साफ साफ कहा कि अब वह खुलकर अध्यक्ष विरोधी पार्षदों के साथ हैं और यदि नपाध्यक्ष ने इस्तीफा नहीं दिया तो बगीचा सरकार हनुमान मंदिर के समक्ष अध्यक्ष को हटाने की शपथ लेने वाले पार्षदों के साथ वह भी पार्षद पद से इस्तीफा दे देंगे। पार्षद सिंघल ने नपाध्यक्ष और उनके पति के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी और नपाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार तथा अनियमित्ता के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पीआईसी में होने के बाद भी मैं नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा का यश मैन नहीं था और उनके गलत कामों का विरोध करता था। इसी बजह से मुझे पद से हटाया गया है। पत्रकार वार्ता में नपा उपाध्यक्ष सरोज व्यास के पति रामजी व्यास, पार्षद विजय बिंदास, पार्षद राजू गुर्जर, पार्षद ओमी जैन, पार्षद संजय गुप्ता पप्पू, ताराचंद राठौर, पार्षद पति सीटू सड़ैया, पार्षद पति बाईसराम धाकड़, पार्षद राजा यादव, पार्षद पति गोपी शर्मा, पार्षद पति अनिल बघेल, पार्षद पति रत्नेश जैन आदि पार्षद भी मौजूद थे।

यह बताना भी जरूरी होगा कि गौरव सिंघल के द्वारा नमो नगर में एक डुप्लेक्स तैयार किया गया था जिसको प्रशासन में अवैध मानते हुए सरकारी बुलडोजर से ढ़हा दिया था उक्त समय से ही सिंघल चर्चाओं में बने हुए हैं

**अध्यक्ष नहीं हटी तो कोई इस्तीफा दे या न दे लेकिन मैं अवश्य दूंगा : गुर्जर**

पार्षद राजू गुर्जर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मैं एक फौजी का बेटा हूं और सीधी सच्ची राजनीति करता हूं। भगवान में मुझे विश्वास हैं। मैने करैरा में बगीचा बाले हनुमान मंदिर के समक्ष शपथ ली है कि अध्यक्ष को हटाने में हम सफल नहीं रहे तो हम इस्तीफा दे देंगे। इसलिए किसी की बात तो मैं नहीं करता लेकिन नपाध्यक्ष को हटाने की हमारी मुहिम सफल नहीं हो पाई तो कम से कम मैं अवश्य इस्तीफा दे दूंगा। कोई चाहे दे या न दे। उनके इतना कहते ही वहां मौजूद सभी बागी पार्षद और उनके परिजन चिल्लाए की हम भी इस्तीफा दे देंगे।

**अध्यक्ष पति ने वायरल ऑडियो के संबंध में मांगी माफी**

कल सोशल मीडिया पर पार्षद राजू गुर्जर और पार्षद पति संजय शर्मा का एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें संजय शर्मा यह कहते हुए नजर आए थे कि हनुमान जी तो क्या हनुमान जी के पिता जी की कसम खा लेना। उनका आशय यह था कि उन्हें कोई नहीं हटा सकता उक्त ऑडियो वायरल होने के बाद अध्यक्ष पति को सोशल मीडिया पर प्रताड़ना मिलना शुरू हो गई थी अभिभाषक संजीव बिलगैंया ने बयान जारी कर कहा था कि हमारे आराध्य देव हनुमान जी के बारे में इस तरह की बातें करने से हमारी धार्मिक भावनाऐं आहत हुई है। इसके लिए अध्यक्ष पति माफी मांगें। इसके बाद संजय शर्मा पीछे हटे और उन्होंने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया कि मेरी भगवान में आस्था हैं और उसी अनुरूप हम कर्म करते हैं। मेरा आशय यह था कि यदि हम सही काम करते हैं तो कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसीलिए मैने ऑडियो में उक्त बात कहीं थी लेकिन इससे किसी की धार्मिक भावना को चोट लगी है तो मैं उसके लिए क्षमा मांगता हूं।

# कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम की छापामार कार्रवाई, एक दुकान सील, 6-7 दुकानें मिली बंद



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोलारस में डीएपी खाद की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। किसानों को 1350 रुपए की खाद 1800 रुपए में बेची जा रही थी। शिकायत मिलने पर शनिवार शाम को कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने कार्रवाई के आदेश दिए। कार्रवाई में एक दुकान सील की गई। कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कोलारस तहसील के खरई गांव में छापा मारा। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार शैलेन्द्र भार्गव और कृषि विभाग के एसडीओ पवन दुबे की टीम मौके पर पहुंची। गांव में 6-7 खाद, बीज और दवा की दुकानें पहले से ही बंद मिलीं। टीम को जय मां शिवशक्ति ट्रेडर्स नाम की एक दुकान खुली मिली। दुकान के संचालक जयेंद्र धाकड़ ने अधिकारियों को देखते ही दुकान में ताला लगा दिया। उन्होंने दुकान खोलने से इनकार कर दिया। वह कभी दुकान को किसी और की बताते तो कभी मेडिकल शॉप का बहाना बनाते रहे। काफी देर की टालमटोल के बाद जब वह दुकान खोलने को तैयार हुआ। लेकिन तब तक नायब तहसीलदार ने दुकान को सील करने का आदेश दे दिया। कृषि विभाग के एसडीओ पवन दुबे ने बताया कि पंचनामा बनाकर दुकान सील की गई है। अब मामले की विस्तृत जांच कोलारस एसडीएम करेंगे।

# 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन, विधायक जैन ने किया डांस टीचर सुखवीर को सम्मानित




**शिवपुरी ब्यूरो।** अग्रवाल आदर्श महिला संगठन का 10 दिवसीय निःशुल्क शिविर का समापन बीते रोज हो गया। निःशुल्क शिविर में ब्यूटीशियन, डांस, आत्मरक्षा के गुर, ड्रॉइंग व अन्य गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें ब्यूटीशियन ज्योति लोधी, सुख विशाल आत्मरक्षा एवं डांस आशीष, म्यूजिक, ढोलक, अर्चिता मंगल द्वारा ड्राइंग सिखाई गई। अग्रवाल आदर्श महिला संगठन हर वर्ष निशुल्क सिविल आयोजन करती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समापन रंगारंग कार्यक्रम द्वारा गया। इस अवसर पर देवेन्द्र जैन एवं अग्रवाल आदर्श महिला संगठन द्वारा डांस टीचर सुखवीर कुशवाह को सम्मानित किया गया।

शिविर में आदर्श मातृ शक्तियों द्वारा योग शिक्षकों का सम्मान एवं योग दिवस के अवसर पर करो योग रहो निरोग के संदेश में सूर्य नमस्कार के द्वारा शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र ने महाराजा अग्रसेन के चरणों में दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता, महामंत्री विकास गोयल, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष मथुरा प्रसाद, महिला पदाधिकारी निशा अग्रवाल, अंजु गोयल, दीपा बंसल, रीना जैन, अनुराधा अग्रवाल मंच पर मौजूद रहे। अग्रवाल आदर्श महिला संगठन की अध्यक्ष रेणु सिंघल का कहना है कि हम अधिकारों की मांग करते हैं हमें अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए अपने समाज के आदेश के लिए हमें आगे रहना चाहिए। इस अवसर पर संगठन के पद अधिकारी उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुमन अग्रवाल, महामंत्री उषा मंगल, कोष अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, सह मंत्री माधवी अग्रवाल, प्रचार मंत्री मीना जैन, पूजा गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य ऋतु जैन, पूजा अग्रवाल रचना गोयल स्वीटी अग्रवाल संगीता सिंघल आरती अग्रवाल एवं समस्त मातृशक्ति मौजूद रही। मंच का संचालन मणिका शर्मा द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को संगठन की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया।

# बाल संस्कार शिविर बच्चों को जीवन जीना सिखाते हैः मुख्य वक्ता अजय खेमरिया

## भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी का पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर संपन्न, बच्चों को मैडल और सर्टिफिकेट किए भेंट



**शिवपुरी ब्यूरो।** जीवन में जब भी कुछ सीखने को मिले तो उसे ग्रहण करना चाहिए, निश्चित ही समाजसेवा के क्षेत्र में भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जिस प्रकार से बाल संस्कार शिविर का आयोजन कर बच्चों को मोटिवेट किया गया उससे यह बच्चे प्रतिदिन अपने दैनिक संस्कारों के साथ जीवन की नई सीख ग्रहण कर सकेंगें और आने वाले समय में सेवा, परोपकार, संस्कार के नए आयाम स्थापित करने की इन्हें प्रेरणा मिलेगी।

बच्चों के लिए यह मार्गदर्शन प्रदान किया वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार अजय खेमरिया ने जो स्थानीय अस्पताल चौराहा स्थित मंगलम बालगृह में समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी द्वारा आयोजित बाल संस्कार शिविर के समापन दिवस पर मुख्य वक्ता की आसंदी से अपना संबोधन देकर बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य और भारतीय संस्कारों के प्रति जागरूक कर रहे थे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड.शैलेन्द्र समाधिया, सचिव पुनीत जैन के द्वारा मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर में योगदान प्रदान करने के लिए समाजसेवी श्रीमती रेणु सांखला एवं सुखवीर सर सहित बालगृह के सभी सहयोगियों का उनकी अनुकरणीय सेवाओ के लिए सम्मान किया गया साथ ही बाल संस्कार शिविर में शामिल सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए मैडल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव जैन ने जबकि कार्यक्रम समापन पर आभार प्रदर्शन संस्था सचिव पुनीत जैन के द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर शिविर समापन कार्यक्रम में संस्था कोषाध्यक्ष सुकेश मित्तल, विपिन शर्मा, सरला वर्मा, स्नेहलता शर्मा, अशोक गोयल, गोपाल दास अग्रवाल,राजेन्द्र सिंघल, वीरेन्द्र शर्मा, डॉ वीसी गोयल,संजीव जैन, तरुण अग्रवाल, हरिशरण गुप्ता, संदीप वशिष्ठ, शैलेन्द्र मित्तल, दिलीप अरोरा, राजीव शर्मा, दिनेश जैन, भानु बंसल, उमेश मित्तल, सीमा समाधियां, खुशबू जैन, सुनीता जैन, मंजू अरोरा, मीणा सिंघल, अनुराधा बंसल, मीणा गुप्ता, तृप्ति अरोरा, डॉ आभा मित्तल, संध्या शर्मा आदि शामिल हुए। संस्था के इस बाल संस्कार शिविर में लगभग 38 बच्चों ने शिविर का लाभ उठाया इन सभी बच्चों को संस्था की ओर सेवा कार्य स्वरूप आवश्यक सामग्री कर्सिव राइटिंग बुक, जैन गंगा, और कॉमिक्स की बुक्स भी बच्चों के लिए प्रदाय की गई।

# करैरा पुलिस ने 12 घंटे में ट्रेस की ट्रैक्टर चोरी, 5 आरोपी गिरफ्तार

## चोरी हुआ ट्रैक्टर एवं स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर ही ट्रैक्टर चोरी को ट्रेस कर चोरी के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक चोरी का ट्रैक्टर एवं एक स्कोर्पियो गाड़ी जब्त की गई। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई के अनुसार, 21 जून को ग्राम लंगूरी निवासी निहाल सिंह कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 33 जेडडी 8839 घर के पास बने गैराज से चोरी हो गया है। गैराज का ताला टूटा हुआ मिला था। चोरी हुए ट्रैक्टर की कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिद्ध बाबा रोड पर नाकाबंदी की। वहां एक स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 09 एमजे 9009 के पीछे चोरी का ट्रैक्टर देखा गया। पूछताछ में ट्रैक्टर चालक अरविन्द्र यादव ने चोरी की बात स्वीकार की। मौके से स्कॉर्पियो चालक समेत राघवेन्द्र यादव, आकाश रजक, अरविन्द्र केवट और प्रतिपाल यादव को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी दतिया जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर और स्कॉर्पियो जब्त कर ली है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 490/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है कि वे ट्रैक्टर किसे बेचने ले जा रहे थे। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी0 विनोद सिंह छावई, सउनि संजय भगत, प्रआर वीरेन्द्र सिंह, आर. हरेन्द्र गुर्जर, राधेश्याम, सुरेन्द्र रावत, मनीष कोरी, मत्स्येन्द्र गुर्जर, जितेन्द्र कुमार, सोनू श्रीवास्तव की विशेष भूमिका रही है।

# आईटीबीपी शिवपुरी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, डॉ. भव्या सिंह राणा ने दिए निरोगी जीवन के टिप्स



**शिवपुरी ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) शिवपुरी केंद्र में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी आईटीबीपी जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम की खास बात रहीं प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ और चिकित्सक डॉ. भव्या सिंह राणा, जिन्होंने जवानों को योग के माध्यम से निरोगी जीवन जीने के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि कैसे नियमित योगाभ्यास से तनाव, थकान और विभिन्न शारीरिक समस्याओं से बचा जा सकता है। डॉ. राणा ने जवानों को जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें बताते हुए उन्हें दिनचर्या में योग को शामिल करने की सलाह दी। डॉ. भव्या सिंह राणा ने सरल एवं प्रभावी योगासन और प्राणायाम करवाए, जो विशेष रूप से सुरक्षाबलों की दिनचर्या और कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए चुने गए थे। उनकी प्रेरणादायक बातों और व्यवहारिक योग सत्र ने जवानों में नई ऊर्जा का संचार किया। आईटीबीपी अधिकारियों ने भी डॉ. भव्या सिंह राणा के योगदान की सराहना की और योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारीगण, चिकित्सक दल और अन्य कर्मियों की भी उपस्थिति रही। समापन पर सभी जवानों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का प्रतीक बना, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक जागरूकता का भी संदेश लेकर आया, जिसमें डॉ. भव्या सिंह राणा की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

# कैलारस में जलभराव की समस्याओं को लेकर, विधायक समर्थकों सहित आज बैठेंगे धरने पर



**कैलारस।** नगर परिषद की घोर लापरवाही के चलते कैलारस में मानसून की पहली ही बारिश ने नगर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। MS रोड पर घुटनों तक पानी भर जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

इसी अव्यवस्था के विरोध में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने आज सुबह 10 बजे अपने समर्थकों के साथ रूस रोड पर पानी में बैठकर धरना शुरू कर दिया है। विधायक पंकज उपाध्याय ने पूर्व में भी प्रशासन से मांग की थी कि अगर इस बरसात में पानी भरा तो वे आंदोलन करेंगे। आज उनकी यह चेतावनी हकीकत में बदल गई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# बदमाशों ने व्यापारी पर हमला किया, पुलिस ने जांच शुरु की



**मुरैना, (संवाददाता)।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के टी आर पुरम इलाके में एक व्यापारी को कुछ अज्ञात हमलावरों ने पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही परिजन घायल व्यापारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, वहीं पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार (आज) शाम टी आर पुरम के पास हुई। पीड़ित व्यापारी की पहचान नरेंद्र गर्ग के रूप में हुई है। नरेंद्र गर्ग पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अचानक हमला कर दिया और मारपीट की। मारपीट के बाद हमलावर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। घटना की सूचना मिलते ही नरेंद्र गर्ग के परिजन उन्हें तुरंत मुरैना जिला अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि वे आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और हमलावरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। घटना के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# खनियांधाना पुलिस ने गांजे की खेती पकड़ी, 13 किलो 300 ग्राम हरा गांजा जब्त, आरोपी के भागने से पहले ही किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** खनियाधाना पुलिस ने गांजा खेती का भंडाफोड़ किया है। नदनवारा गांव में एक खेत से 13 किलो 300 ग्राम हरा गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी भैयासाहब उर्फ गनपत यादव को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुरेश शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया कि नदनवारा निवासी भैयासाहब अपने मकान के पीछे खेत में गांजे की खेती कर रहा है। पुलिस टीम ने दबिश दी। आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस को खेत की तलाशी में 17 गांजे के हरे पौधे मिले। इनका कुल वजन 13 किलो 300 ग्राम था। इसकी अनुमानित कीमत 1.5 लाख रुपए है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले तीन साल से गांजे की खेती कर रहा है। वह गांजा सुखाकर पुड़िया बनाता और बेचता था। आरोपी के पास गांजा उगाने और रखने का कोई लाइसेंस नहीं मिला। यह कृत्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दंडनीय है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 300/2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# कुत्तों के झुंड ने हिरण पर किया हमला, ग्रामीणों ने लाठियों से भगाया, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**शिवपुरी ब्यूरो।** खतौरा गांव में एक हिरण पर आधा दर्जन से ज्यादा कुत्तों ने हमला कर दिया। घटना देहरदा-ईसागढ़ मार्ग स्थित सेंगर पेट्रोल पंप के पास सुबह की है। जानकारी के अनुसार हिरण को भागने का मौका भी नहीं मिल रहा था। वो घायल हो गया था। जब आसपास के लोगों ने देखा तो उन्होंने लाठियां लेकर कुत्तों को खदेड़ा। कुत्ते भाग गए और हिरण की जान बच गई। घायल हिरण को पेट्रोल पंप पर सुरक्षित रखा गया। वन विभाग को सूचना दी गई। बदरवास वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। टीम घायल हिरण को इलाज के लिए अपने साथ ले गई। ग्रामीणों की सूझबूझ से एक वन्यजीव की जान बच सकी।

# स्थानांतरित प्रधान आरक्षक सहित आरक्षकों को स्थानीय लोगों सहित स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

**शिवपुरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने जिले भर में 5 बर्षो से अधिक समय तक पदस्थ पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कर दिया है। पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के बाद रविवार को पोहरी थाना परिसर में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानांतरित पुलिस कर्मियों का शॉल श्रीफल भेंट कर माल्यापर्ण कर भावविनि विदाई। जानकारी के मुताविक पोहरी थाने पर पदस्थ प्रधान आरक्षक राजीब छारी का पोहरी से करेरा,राहुल सिंह,गिर्राज त्यागी,हरिशंकर निगम पोहरी से बैराड़,सियाराम मीणा पोहरी से छर्च,सदन भिलाला पोहरी से बदरवास के लिए स्थानांतरित हुए है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगो ने पुलिसकर्मियों के कार्यकाल की जमकर सराहना की ओर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ चंबल शताब्दी संगठन ने अलोपी शंकर पहाड़ी पर किया पौधरोपण



**कैलारस।** प्रकृति की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ चंबल शताब्दी संगठन द्वारा कैलारस स्थित अलोपी शंकर पहाड़ी पर भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों–इंजीनियर, वकील, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पहाड़ी की सफाई एवं गड्ढों की खुदाई से हुई। सभी सदस्यों ने श्रमदान करते हुए गहरे गड्ढे खोदे, जिनमें मिट्टी, खाद, दवाइयों और पानी का संतुलित मिश्रण डाला गया। इसके पश्चात पीपल, बट (बरगद) और बिल्वपत्र (बेल) जैसे सांस्कृतिक और औषधीय महत्व वाले पौधों का रोपण किया गया। हर पौधे की सुरक्षा के लिए लोहे की जालियां लगाई गईं और ऊपर से कांटेदार झाड़ियाँ रखी गईं ताकि जानवरों से बचाव हो सके। यह सुनिश्चित किया गया कि वृक्षों को नियमित रूप से पानी मिले–इसके लिए संगठन द्वारा ड्यूटी रोस्टर बनाया गया है, जिससे रोजाना कोई न कोई सदस्य पौधों की देखभाल के लिए पहुंच सके। वृक्षों की देखरेख को व्यवस्थित करने हेतु प्रत्येक पौधे को क्रम संख्या दी गई है, जिससे निगरानी और देखभाल में पारदर्शिता बनी रहे। यह एक अनुकरणीय उदाहरण है कि कैसे एक संगठन प्रकृति के प्रति समर्पण भाव से कार्य कर सकता है। सावन मास में वर्षा की उपलब्धता से पौधों को पर्याप्त जल तो मिलेगा ही, परंतु आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए पहले से ही संरक्षण की पुख्ता योजना तैयार की गई है। चंबल शताब्दी संगठन द्वारा किया गया यह वृक्षारोपण अभियान न सिर्फ पर्यावरण को समर्पित एक प्रयास है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने वाली एक सकारात्मक पहल भी है। यह साबित करता है कि जब संगठित संकल्प होता है, तो हर पहाड़ी हरियाली में बदल सकती है। इस अवसर पर भगवती उपाध्याय, पुष्पेंद्र प्रताप सिकरवार, ईजी.शिवम सिंघल, कृष्णकांत गुप्ता, एड. सौरभ मुदगल,प्रोफेसर के सी बंसल, रवि सिंघल सर ,दुर्गेश गोयल, अजय तिवारी सहित और कई सामाजिक कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# अलग-अलग हादसो में दो बाइक चालको की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के चिन्नौनी एवं नगरा थाना क्षेत्रो में हुई सडक हादसो में दो बाइक चालको की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिन्नौनी थाना क्षेत्र के पर्वतपुरा झुण्डा बम्बा के बीच चिन्नौनी सबलगढ रोड पर बाइक से जा रहे रामराज पुत्र स्व. गुलाब सिंह सिकरवार उम्र 50 साल निवासी संतोषपुर थाना सबलगढ को ट्रेक्टर क्रमांक एमपी06 एबी 7398 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलते हुए बाइक चालक को टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी रघुवीर सिंह भदौरिया निवासी पुरोहितपुरा बरेंड की रिपोर्ट पर से आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार नगरा थाना क्षेत्र के अटेर पोरसा रोड ग्राम निवाजी का पुरा के पास बाइक से जा रहे शिवपाल उर्फभूरा पुत्र कमल सिंह गुर्जर उम्र 26 साल निवासी औतार सिंह का पुरा सुकांड गोरमी जिला भिण्ड को स्कार्पियो के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## वृद्धजन सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए 25 एवं 26 जून को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र मुरैना में अपना चिन्हांकन कराएं

**मुरैना,कांस।** सामाजिक न्याय विभाग मुरैना द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, मोटराइज ट्राइ साइकिल, ट्राइ साइकिल व्हील चेयर, कान की मशीन एवं अन्य उपकरण प्रदाय करने के लिए 25 एवं 26 जून (दो दिवसीय) चिन्हाकन शिविर जिला दिव्याग पुनर्वास केंद्र वीआईपी रोड संजय कालोनी मुरैना में आयोजित किया जाएगा। शिविर का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य है। जिनमें आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, समग्र आईडी, बीपीएल कार्ड, आय प्रमाण पत्र 2 लाख चालीस हजार तक एवं मोटराइज ट्राइसाइकिल हेत 80 प्रतिशत दिव्याग प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

# न्यास में प्रभु की दीन स्वरूप में सेवा अद्भुत : निर्गुणी दास

**अमेजिंग ग्रुप ऑफ होटल्स के संचालक रवि पाठक जी ने लगाया मेंगो शेक का भोग, बुधवार अमावस्या पर चित्रकूट में होगा विशाल भंडारा, सतना मुरैना इंदौर दिल्ली से एकत्रित होगे सेवक, 18 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी सूट एवं चश्मे, 260 मरीज और 35 सेवक हुए उपस्थित**



**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 260 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 85 स्व॰ जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 74, नाक कान गला 44, सर्जरी 43, अस्थि रोग 46, नैत्र रोग 22, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट0, ब्लड प्रेसर की जाँच 44, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 31, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 18, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 34, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया54, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज24, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 16 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल.राजपूत, डॉ मुकुल सिंघल, डॉ दीपक बंसल, डॉ टीना अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, कस्तूरी, सरिता, ओमवती, लक्ष्मी, गुड्डी, बबीता, राजश्री, सलोनी, शीतल, प्रेमवती, गुड्डी, आशा, गोपिक, मीरा, मनीराम, श्याम, हाकिम, रमेश बाउजी, श्रीनिवास, सुरेश महेश्वरी, दीपू तोमर, मयूर अग्रवाल, भगवान शर्मा, रामवीर, रामसिंह, घीर सिंह, महावीर, पुरुषोत्तम, रामचरण, मोहर, अभिषेक, गौरव, अंश आदि ने निन्शुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ में निर्गुणी दास पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर हृदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि परमार्थ न्यास में भक्ति और निष्काम सेवा की महिमा है ये दोनों जब वह हमारे हृदयमें आती है तो अकेली नहीं भजनीयको लेकर आती है-यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिंचना सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः। हरावभक्तस्य कुतो महद्गुणा मनोरथेनासति धावतो बहिः। जिसके हृदयमें भगवान्?की भक्ति और दिन स्वरूप की सेवाआ जाती है, उसकी पहचान क्या है ईश्वर पर आस्था होना, एक अचिन्त्य, अनन्त, दिव्य, अदृश्य-शक्तिके प्रति श्रद्धा-विश्वास होना, उसका ज्ञान होना, उसका स्मरण होना और उसके प्रति प्रेम होना। ऐसी भक्तिके आते ही सब देवता अपने-अपने श्रेष्ठ गुणोंको लेकर उस भक्तके पास आजाते हैं। उससे भेंट करने भी आते हैं और उसको भेंट देने भी आते हैं। सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुरा अर्थ यह भी हे कि कान अच्छी-अच्छी बातें सुनने लगते हैं, बुरी बातें नहीं सुनते, आँखे अच्छी-अच्छी चीजें देखने लगती हैं, नासिका अच्छे गन्धको सूँघती है, जीभ अच्छी वाणी बोलती है, पाँव अच्छी जगह जाता है, हाथ अच्छा काम करता है, जीवन सद्गुण सम्पन्न हो जाता है। यही यहां न्यास में हो रहा हे।

**हरावभक्तस्य कुतो महदृणा.... मनोरथेनासति धावतो बहिः।**

जिनके हृदयमें भगवान्की भक्ति नहीं है, उनके जीवनमें महद्गुण कहाँसे आवेंगे वे तो पार्टीबन्दी करेंगे, जबकि भगवान में पार्टीबन्दी नहीं है। भगवान् तो सबके आत्मा हैं, सर्वात्मा हैं। गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं कि- सर्व सर्वगत सर्व उरालय- भगवान् सब हैं, सबमें हैं और सबके हृदयोंमें रहते हैं। ऐसे भगवान्?की भक्ति जब हृदयमें आती है तो स्पर्द्धा, असूया, तिरस्कार और अभिमान-ये चार दोष तुरन्त निवृत्त हो जाते हैं। तिरस्कार वह है जिसकी भावना आनेपर हम कहते हैं कि हट-हट, तू नीच है। एक बार स्वयं शंकरचार्यने एक चाण्डालको कह दिया था कि दूरं गच्छ- दूर हटो। इसपर उस चाण्डालके भीतरसे शंकरजी बोल पड़े- दूर हटो किसके लिए बोल रहे हो देहको दूर हटाना चाहते हो कि देहीको दूर हटाना चाहते हो देह तो हमारा और तुम्हारा अन्नमयकोश है, एक ही है, मिट्टी, पानी, आगसे बना हुआ है। किन्तु देहीमें तो भेद ही नहीं है। फिर तुम किसको हटाना चाहते हो श्रीशंकरचार्यजीकी आँख खुली। उन्होंने चाण्डालको देखा और बोले कि, बस-बस महाराज, मैं आपको पहचान गया। इसीलिए इस स्थान पर पद की धन की कोई महिमा नहीं हे यहां तो दीन की निर्धन की महिमा हे। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं हृदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

**जरूरमंदो के लिए एक पहेल –**

हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है। अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी। सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।

# जहर खाकर युवक ने जान दी

**मुरैना,कांस।** नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा में निवास करने वाले रविन्द्र पुत्र प्रकाश सखवार उम्र 36 साल ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर पर जहर का सेवन कर लिया था जिससे उसकी हालत खराब होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी प्रकाश पुत्र छोटेलाल सखवार की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धजन 26 एवं 27 जून को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र मुरैना में सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते है

**मुरैना,कांस।** राष्ठीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिको को शारीरिक सहायता, सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से 26 जून एवं 27 जून 2025 को कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एल्मिको) के सहयोग से उपकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग ने बताया कि जिले अन्तर्गत ऐसे वृद्धजन जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है एवं बीपीएल धारी है, वे सभी 26 एवं 27 जून को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र मुरैना में उपस्थित होकर चिन्हांकन कराकर आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण समर्थित डिवाईस, चलने की छडी, कोहनी बैसाखी, वॉकर, बैसाखी, ट्राईपॉड, क्वाडपॉड, कान की मशीन और व्हीलचेयर आदि प्राप्त कर सकते है।

# जैन मिलन ग्वालियर का तीन दिवसीय योग शिविर समारोह का हुआ समापन।



**ग्वालियर।** जैन मिलन ग्वालियर द्वारा के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर त्रिदिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर* का भव्य आयोजन 19 से 21 जून तक नई सड़क स्थित तेरापंथी धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसका आज समापन समारोह के साथ किया गया। प्रतिदिन जैन मिलन ग्वालियर के मेम्बर वीर -वीरांगना प्रतिभागियों के साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारीयों द्वारा भारतीय योग संस्थान के अनुभवी एवं योग्य प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समापन समारोह में अतिथियों के तौर पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महासचिव संगठन महेंद्र जैन टोंग्या एडवोकेट, राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री राजेश जैन बंटी, राष्ट्रीय संरक्षक प्रवीण जैन गंगवाल, राष्ट्रीय चेयरपर्सन मासिक मिलन निर्मल पाटनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन, क्षेत्रीय संयोजक संजीव जैन, कार्यक्रम संयोजक अनूप जैन सोगानी, संस्था के अध्यक्ष मुकेश जैन पहाड़िया एवं भारतीय योग संस्थान के प्रशिक्षक मंचासीन थे। अतिथियों का सम्मान अध्यक्ष मुकेश पहाड़िया, सचिव वीर मृणाल जैन क्षेत्रपाल्या, कोषाध्यक्ष दीपक जैन सेनेक्ट्री ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुकेश पहाड़िया के स्वागत उद्बोधन के पश्चात मंचासीन अतिथियों का रत्नमाला से स्वागत किया गया। वही मंच पर अतिथियों ने योग प्रशिक्षक श्रीमती मीनू वर्मा श्री जितेंद्र दुबे एवं श्री महेंद्र चौबे योग प्रशिक्षकों का शॉल ओर स्मृतिचिन्ह से सम्मान किया। इसके अलावा राष्ट्रीय चेयरमेन सूचना प्रौद्योगिकी श्री नीरज जैन छाबड़ा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गण पंकज जैन बाकलीवाल, रतन जैन अजमेरा, गोतम जैन गोधा, क्षेत्रीय प्रचार सचिव मनोज जैन सेठी सहित बड़ी संख्या में वीर वीरांगना प्रतिभागी मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव वीर मृणाल जैन क्षेत्रपाल्या ने किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्री शिवगंगा इंटरनेशनल स्कूल में हुआ विशेष कार्यक्रम




**मुरैना,कांस।** श्री शिवगंगा शिक्षण इंटरनेशनल स्कूल, नंदेपुरा रोड, मुरैना में आज (21 जून 2025) को अंतर्राष्ठीय योग दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास का सफल प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंह परमार (क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष), गजेंद्र कौशिक (क्रीड़ा भारती मंत्री) और एल. के. गुप्ता (कोषाध्यक्ष, क्रीड़ा भारती) जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी. एस. राठौर द्वारा किया गया। उन्होंने अंतर्राष्ठीय योग दिवस के इतिहास और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 21 जून को सूर्य की उपस्थिति भारत में सबसे कम रहने के कारण यह दिन विशेष महत्व रखता है। यह भी बताया गया कि भारत ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस दिन को अंतर्राष्ठीय योग दिवस के रूप में मनाने की पहल रखी थी। कार्यक्रम में उपस्थित तीनों अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं और स्टाफ को योग गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। क्रीड़ा अधिकारी श्री शैलेंद्र राठौर द्वारा कक्षा छात्राओं को योगाभ्यास भी कराया गया। 20 से अधिक छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ। अंत में, प्राचार्य दिनेश सिंह सिकरवार द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# युवती फांसी पर झूली

**मुरैना,कांस।** माता बसैया थाना क्षेत्र के ग्राम डोगरपुर किरार में निवास करने वाली युवती अंजलि पुत्री राजू बाल्मीक ने अपने घर पर फंसी का फन्दा लगाकर झूल गई जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी राजू पुत्र दामोदर बाल्मीक की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# कैलारस में हुई झमाझम बारिश, घरों में भरा पानी, मुख्य मार्ग जलमग्न

## दुकान, घरों, में भरा पानी, हुआ काफी नुकसान दर्जनों वाहनों में भरा पानी





**कैलारस।** मानसून की पहली अच्छी वारिस में आज कैलारस के मुख्य मार्गो को जलमग्न कर दिया हे लोगो को गर्मी से जहां राहत मिली हे वहीं पानी की निकाशी ना होने से मुख्य मार्गो से होते हुए घरों में भर गया हे इससे लोगो को एक नई परेशानी हो गई हे कैलारस के मुख्य मार्ग एन एच 552 नहर से सुभाष स्कूल के पास जहां जल भराव की समस्या पूर्व में भी हुई थी नागरिकों ने शिकायत भी की लेकिन आज 22 जून को दो घंटे हुई जोरदार वारिस से दर्जनों घरों के अंदर पानी भर गया पानी के कारण लोगों की किचन एवं घर गृहस्थी का सामान सब जल मग्न हो गया खाना बनाने तक को जगह नहीं बची हे वही पुरानी सब्जी मंडी , गांधी मार्ग,शास्त्री मार्ग,रसोइया गली,पटेल मार्ग, राठौर गली,अलोपी गली,गेस एजेंसी, एम डी एस कालोनी,सहित दर्जनों गलियों में पानी का निकास ना होने से गलियों में पानी भर गया इससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया हे जल भराव की समस्या वारिस से पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से उठाई लेकिन इसका कोई हल नहीं निकला हे कलेक्टर महोदय। द्वारा सभी अधिकारियों को वर्षा से पूर्व सभी नाले नालियों की सफाई एवं जल भराव होने जैसी समस्या को लेकर दिशा निर्देश दिए थे लेकिन इस संबंध में केवल खाना पूर्ति हुई यदि प्रशासन समय रहते कार्य योजना बनाकर व्यवस्थाएं करता तो शायद यह स्थिति नहीं बनती वही घरों में पानी भर जाने से लोगो को करंट का भय लगा हुआ हैं घरों में खाना बनाने की भी जगह नही बची कैलारस एम एस रोड़ नेशनल हाइवे 552 श्रीजी गार्डन के सामने वर्षात का पानी 3 फुट तक सड़को पर होने से दो दर्जन दुकान एव घरों में भर गया सुरेश समाधिया के घर, लला सिकरवार, विशाल,अजीत, बनवारी, पवन गुप्ता, सुरेश अग्रवाल उदयपुरा, रामदीन गोयल ,सुभास गुप्ता, देवेंद्र गोयल, बीरेंद्र शर्मा के घर और दुकानों में भरा पानी भर गया है दोनों सड़क के नाले बन्द है सफाई नही हुई हे वही शास्त्री मार्ग में अमित शर्मा संजय बंसल, कपिल गुप्ता सहित दर्जनों दुकानदारों की दुकान में पानी भर गया वहीं गांधी मार्ग में भी दुकानों में पानी भर गया हे।

इनका कहना

पूर्व में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों एव जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ मेरे पूरे घर मे गंदगी और पानी भर गया हैं पूरा सामान खराब हो गया है।

**सुरेश समाधिया**

मेरे पूरे घर मे पानी भर गया हैं खाना बनाने को भी जगह नही बची है छोटे छोटे बच्चे है हमे भूखा सोना पड़ेगा कहा पर खाना बनाए

**शारदा धाकड़**

शास्त्री मार्ग में कई घर एवं दुकानों में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ हे

पानी निकास की कोई व्यवस्था नहीं हे

**अमित शर्मा**

मेरे मकान ओर दुकान में पानी भर गया हैं पानी भरने से दुकान में रखा माल खराब हो गया हैं हजारों रुपये का नुकसान हो गया हम लोग जाए तो कहा जाए ऑनलाइन शिकायत भी की तो वो भी बंद कर दी अधिकारीयो ने अपने स्तर पर हमारी समस्या का समाधान नही हुआ।

**अंकुर अग्रवाल**

## हत्या के प्रयास में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की..



**मुरैना,कांस।** फरियादी मानवेन्द्र दौनेरिया निवासी पीपरीपुरा द्वारा रिपोर्ट की गई कि जब वह रात्रि के समय पीपरीपुरा स्थित अपनी दुकान बंद कर रहा था तब दो अज्ञात व्यक्ति मो0सा0 से आए और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की घटना कारित की, जिसमें वह एवं भोलू उर्फ मोहन लांगोरिया घायल हो गए। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन ने आरोपीगण के विरूद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया। दर्शन शुक्ला थाना प्रभारी सिविल लाइन द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित की गई, घटनास्थल के आस पास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक कराए गए एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। पुलिस के सतत प्रयासों एवं कड़ी मेहनत मुशक्कत के फलस्वरूप प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त हत्या के प्रयास संबंधी घटना को अंजाम देने वाले आरोपीगण में से 01 आरोपी को सुआलाल पुरा नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर पूछताछ उपरांत उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई एवं गिरफ्तारशुदा उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# उधमपुर में शहीद सैनिक को पहले गार्ड ऑफ ऑनर नहीं, परिजनों ने किया हंगामा

## फिर सम्मानपूर्वक हुआ अंतिम संस्कार







**पोरसा, मुरैना।** उधमपुर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिक अरविंद तोमर को शुरुआत में गार्ड ऑफ ऑनर न मिलने से परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 552 पर तहसील कार्यालय के सामने जाम लगा दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों के हंगामे और आक्रोश को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया और बाद में शहीद सैनिक अरविंद तोमर को पूर्ण सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उनके पैतृक गांव खलक का पुरा, पोरसा में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का आरोप है कि शहीद अरविंद तोमर की मृत्यु वरिष्ठ अधिकारियों की प्रताड़ना के कारण हुई है। इस घटना ने एक बार फिर सैन्य कर्मियों के कल्याण और उनकी मानसिक स्थिति पर ध्यान आकर्षित किया है।

शहीद अरविंद तोमर अपने पीछे पत्नी चांदनी तोमर और आठ वर्षीय जुड़वा पुत्र शिवा तोमर व कृष्णा तोमर को छोड़ गए हैं। यह परिवार तीन पीढ़ियों से भारतीय सेना में सेवा दे रहा है, जो राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और समर्पण को दर्शाता है। इस घटना ने स्थानीय लोगों और सैन्य समुदाय में गहरा दुख और आक्रोश पैदा किया है। परिजनों की मांग है कि शहीद के मामले की गहन जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# टीएल बैठक 23 जून को

**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 23 जून को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित होगी। बैठक में समस्त अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# वनों का संरक्षण एवं संवर्धन पहली प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 35 लाख लोगों को मिला आजीविका का साधन

## डिजिटल हो रहे हैं मध्यप्रदेश के जंगल

**भोपाल ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के वनों के संरक्षण एवं संवर्धन को पहली प्राथमिकता में रखा गया है। वनों को हरा-भरा रखने के लिये अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अब प्रदेश का वन क्षेत्र बढ़ रहा है और ओपन फारेस्ट कम हो रहा है। मध्यप्रदेश वनों में हर्बल औषधियों का भी खजाना है। वर्ष 2024-25 में वन विभाग 6 करोड़ से अधिक की हर्बल औषधियों की आपूर्ति आयुष विभाग एवं सरकारी संस्थानों को कर चुका है। मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता, विशेष वन एवं वन्य प्राणियों की विविधता के लिये जाना जाता है। यहां वनों के रहने और नदियों के बहने का भी संबंध है। वनों की गोद से निकली सोन, नर्मदा, ताप्ती, चंबल के साथ सिंध, बेतवा, केन, धसान, तवा, क्षिप्रा और कालीसिंध जैसी नदियां जन-जीवन को जीवन दे रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में वनों से निकलने वाले तेन्दूपत्ता से 15 लाख परिवारों की आजीविका चल रही है। इससे 35 लाख लोग जुड़े हुये हैं, जिनमें 15 लाख पुरूष और 20 लाख से अधिक महिलाएं हैं। प्रदेश के वनों से हर वर्ष 12 लाख बोरा से अधिक तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। प्रदेश सरकार ने तेन्दूपत्ता संग्रहण करने वालों का पारिश्रमिक 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। वनोपजों के



संग्रहण एवं विपणन के अधिकार ग्राम सभाओं को दिये गये हैं। तेन्दूपत्ता का संग्रहण एवं विपणन मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ मर्यादित के माध्यम से कराया जाता है।

प्रदेश के 20 जिलों की कुल 243 ग्राम सभाओं द्वारा स्वयं सग्रहण एवं विपणन किया जाता है। लघु वनोपज का स्वामित्व ग्राम सभाओं को सौंपा गया है। प्रदेश में लघु वनोपज व्यवसाय से ग्रामीणों को उचित लाभ दिलाने के लिये अनेक नीतिगत निर्णय लिये गये हैं। लघु वनोपज के अंतर्गत तेन्दूपत्ता के व्यवसाय से होने वाली सम्पूर्ण शुद्ध आय प्राथमिक सहकारी वनोपज समितियों को उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के वन क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिये वन विभाग की नई कार्ययोजना में 50 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र को टारगेट किया गया है इसके लिये 5 साल की कार्ययोजना बनाई गई है। कार्ययोजना के अंतर्गत नेशनल मिशन फॉर ए ग्रीन इंडिया के तहत वातावरण तैयार किया जाना है। इसमें वनों पर आधारित 30 लाख परिवारों की आजीविका को सुधारने का लक्ष्य है। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक 200 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है इससे 29 हजार 876 हेक्टेयर क्षेत्र को उपचारित कर 70 लाख 37 हजार 589 पौधों का रोपण किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि जंगल के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ाने के लिये नगर वन तैयार किये जा रहे हैं। प्रदेश में इस तरह के 100 नगर वन विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 26 नगर वन तैयार हो चुके हैं और 29 नगर वन बनाये जाने का काम शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर वन विभाग जंगल को पूरी तरह से डिजिटल करने में जुटा हुआ है इससे जंगल में होने वाली कोई भी घटना की जानकारी तत्काल उच्चाधिकारी तक पहुंच जायेगी। इससे जंगल में होने वाले अतिक्रमण, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन, अवैध शिकार जैसी घटनाओं में कमी आयेगी। प्रदेश के जंगलों को डिजिटल करने के साथ ही मैपिनर सॉफ्टवेयर की मदद से वृक्षारोपण के नक्शे भी तैयार किये जा रहे हैं। इससे प्रति वर्ष होने वाले वृक्षारोपण की तस्वीर भी साफ दिख जायेगी और पौधरोपण में गड़बड़ी की संभावना भी नहीं रहेगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सपत्नीक पचमढ़ी के बारिआम गांव में स्थानीय आम विक्रेताओं से आत्मीय भेंट की, उनसे आम खरीदे और बच्चों को स्नेह पूर्वक वितरित किए।

# जब मुख्यमंत्री ने बारिआम गांव की महिलाओं से खरीदे आम... बच्चों को दुलारा, आम खिलाए और रोज स्कूल जाने की मनुहार भी की

**भोपाल ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सपत्नीक नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी प्रवास पर पहुंचे। पचमढ़ी से लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बारिआम गांव में सड़क किनारे टोकरी में रखकर आम बेच रहीं महिलाओं और बच्चों को देखकर अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री ने आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आत्मीय संवाद किया। पूछा - रोज कितने के आम बेच लेती हो ? मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आम विक्रेता श्रीमती बसंती टेकाम की खुशी का ठिकाना न रहा, उसने प्रफुल्लित



होकर बताया कि सर, रोज सुबह से शाम यहां बैठते हैं, तो 400 से 500 रूपए के आम बिक ही जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीप ही खड़ी श्रीमती बसंती की बेटी को देखकर पूछा - क्या ये बिटिया स्कूल जाती है ? महिला ने कहा कि हां सर, सीएम राइज स्कूल में पढ़ती है। मुख्यमंत्री ने हर्ष जताकर कहा कि अरे बिटिया, अब उसका नाम सांदीपनि विद्यालय हो गया है। मुख्यमंत्री ने यहां आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आम खरीदे और खुद भुगतान भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव ने महिलाओं से खरीदे हुए आम वहां एकत्रित सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों में स्नेहपूर्वक वितरित कर दिए। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों से भी बाल सुलभ संवाद किया और पूछा क्या नाम है, स्कूल जाते हो ? तो बच्चों में से उमेश, साक्षी और रिया ने कहा जी सर। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी बच्चों को रोज स्कूल जाने और मन लगाकर पढ़ाई करने की मनुहार की।

# वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन से समाज को मिलेगा लाभः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**भोपाल।**



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन में ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का लाभ सामज को मिलेगा। यह सम्मेलन इस क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि साबित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रीवा प्रकोष्ठ के सभागार में वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति से ही ज्योतिष का विशेष महत्व रहा है। ज्योतिष के माध्यम से सटीक गणना का आकलन करने की विधि सर्वमान्य रही है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिष यात्रा में जो ज्ञान और अनुभव मिलेंगे उससे समाज और जनसामान्य का कल्याण होगा। सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने रीवा में हो रहे ज्योतिष महामंथन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। सम्मेलन में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य तथा विद्वान उपस्थित रहे।

# जेके टायर , रोटरी क्लब ग्वालियर रीगल और एसबीआई ने रक्त दान कर 311 यूनिट रक्त दिया

**ग्वालियर,नसं.।**

जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड बानमोर एव रोटरी क्लब ग्वालियर रीगल एस बी आई बैंक जे एच ब्लड बैंक ग्वालियर एव रेडक्रोस सोसायटी ग्वालियर ,डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल मुरैना ब्लड बैंक सभी के संयुक्त तत्वावधान में जेके टायर प्लांट बानमोर में बहुत शानदार 311 यूनिट ब्लड का मेगा ब्लड कैम्प डोनेशन सम्प्पन्न हुआ



यह विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्व हरि शंकर सिंघानिया की 92 वी बर्थ एनिवर्सरी 20 जून को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2025 में 100 यूनिट अधिक डोनेशन के साथ 311 लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । सर्वप्रथम प्लांट हैड शांतनु शतपति ने आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया इस विशाल रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए अमित पचौरी जी एम एच आर एंड आई आर के अथक प्रयास एव अपनी टीम को मार्गदर्शन देकर सभी के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर को सफल बनाया अमित पचौरी का सराहनीय योगदान रहा है । अमित पचौरी ने स्वम भी स्वेच्छा से आगे बढ़कर रक्तदान किया लोगो को रक्तदान के लिए मोडिवेट किया जे एच ब्लड बैंक ग्वालियरको 111 यूनिट्स दिया गया रेडक्रोस सोसायटी ग्वालियर को 107 यूनिट्स ब्लड दिया गया मुरैना ब्लड बैंक को 93 यूनिट्स ब्लड एकत्रित करके दिया गया सभी ब्लड बैंक रेडक्रोस से डॉ एस डी शर्मा, जे एच से डॉ राकेश बगेल, मुरैना ब्लड बैंक से डॉ निखिल जैन ने कहा जे के टायर बानमोर के किसी भी कर्मचारी को रक्त की जरूरत होने पर उसको विना एक्सचेंज दिए रक्तदाताओ को ब्लड दिया जाएगा जे एच ब्लड बैंक अजय तिवारी ने कहा कोई भी मरीज ग्वालियर के किसी भी सरकारी हॉस्पिटल भर्ती है तो उसको नि:शुल्क ब्लड जे एच रक्तकोष से दिया जाएगा रोटरी क्लब रीगल से रोटेरियन दीपक बाजपेयी सी ए एव ब्लड चैयरमैन डिस्ट्रिक्ट टीम रोटेरियन सुधीर त्रिपाठी ने यह मेगा ब्लड डोनेशन ग्वालियर चंबल रीजन में इंडस्ट्रीज के क्षेत्र जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज बानमोर का 311 यूनिट्स सबसे बड़ा कैम्प है ।

# संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर 25 जून को ग्वालियर में उपवास

### जीतू पटवारी और हरीश चौधरी होंगे शामिल

**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस उच्च न्यायालय परिसर ग्वालियर में संविधान निर्माता बाबा साहब डा अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर 25 जून को मेला मैदान के पास सूर्य नमस्कार तिराहे पर 11 बजे से सामूहिक उपवास करेगी। इस सामूहिक उपवास में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी एवं अखिल भारतीय महासचिव हरीश चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी आज रविवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इस उपवास में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

# स्व. जोर सिंह कुशवाहा स्मृति सम्मान इस वर्ष राकेश अचल को

**ग्वालियर कांस।**

मध्यप्रदेश काव्य धारा मंच एवं आदर्श कला निकेतन के संयुक्त तत्वावधान में श्रमिक नेता स्व. जोर सिंह कुशवाहा की पुण्य स्मृति में एक भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 जून को सायंकाल 5.30 बजे इंटक मैदान, सब्जी मंडी हजीरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संभागीय कमिश्नर अखिलेदु अर्जरिया होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुरेश सम्राट करेंगे।



आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार राकेश अचल को स्व. जोर सिंह कुशवाहा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कवि सम्मेलन में शहर के प्रमुख कवियों द्वारा अपनी रचनाओं का पाठ किया जाएगा। मध्यप्रदेश काव्य धारा मंच के अध्यक्ष नयन किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम साहित्य और कला के प्रति लोगों को जागरूक करने और साहित्यकारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# फॉच्र्यून प्लाजा के बेसमेंट में लगी आग, 25 बाइक और एक जनरेटर जलकर खाक

**ग्वालियर,नसं.।**

सिटी सेंटर स्थित फॉच्र्यून प्लाजा की बेसमेंट पार्किंग में रविवार सुबह करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। आग में 25 से ज्यादा डिलीवरी बॉय की बाइक और एक जनरेटर जलकर खाक हो गए। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल दस्ता मौके पर पहुंच गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि यह ई-बाइक के चार्जिंग सिस्टम की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट या जनरेटर में खराबी के कारण लगी हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के



अनुसार एसएसपी ऑफिस के पास स्थित एक व्यावसायिक इमारत फॉच्र्यून प्लाजा है। बिल्डिंग के मालिक श्याम सिंह यादव ने रविवार तड़के पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी कि बेसमेंट में भीषण आग लगी है। उन्होंने बताया कि पार्किंग में 32 बाइक, एक जनरेटर और अन्य सामान रखा हुआ है। आग लगने की सूचना पर फायर स्टेशन महज 300 मीटर की दूरी पर होने के कारण दमकल दस्ता पांच मिनट में मौके पर पहुंच गया। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पानी फायर कर दो घंटे में आग को बेसमेंट तक सीमित रखा और उसे फैलने से रोक दिया। फॉच्र्यून प्लाजा में कई रेस्टोरेंट और होटल संचालित होते हैं। इनसे जुड़े डिलीवरी बॉय अपनी बाइक इसी बेसमेंट में पार्क करते हैं। आग में 32 में से 25 बाइक पूरी तरह जल गईं, जिनमें फूड डिलीवरी बॉक्स भी लगे हुए थे। दमकल विभाग के अनुसार बेसमेंट में रखा एक जनरेटर भी आग की चपेट में आ गया है। दमकल अधिकारियों का कहना है कि आग ई-बाइक चार्जिंग वायरिंग के कारण या जनरेटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी हो सकती है। फिलहाल जांच जारी है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954